


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 177 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 11 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### विकास कुमार कश्यप बने दपूमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, साकेत रंजन का ट्रांसफर

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी साकेत रंजन का ट्रांसफर हो गया है। उनकी जगह विकास कुमार कश्यप ने बुधवार को मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व मुख्य जनसंपर्क अधिकारी साकेत रंजन का स्थानांतरण बिलासपुर रेल मण्डल में वरिष्ठ संरक्षा अधिकारी के प्रद पर हुआ है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी बने विकास कुमार कश्यप 2011 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा (IRTS) के अधिकारी है। विकास कुमार कश्यप इससे पहले बिलासपुर रेल मण्डल में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक के पद पर कार्यरत थे। उन्होने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर भी कार्य किया है।

### रायपुर रेलवे स्टेशन में 6 लाख का गांजा पकड़ाया

**रायपुर।** प्रदेश के राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन में बैठे युवक-युवती से लाकों का गांजा बरामद किया गया है। दोनों के पास नई ट्राली बैग देखकर आरपीएफ की टास्क टीम को इन पर शक हुआ। ऐसे में जब उन्होंने बैग खोलकर जांच करने की बात कही तो महिला यात्री आना-कानी करने लगी। जांच के दौरान बैग में से गांजा बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक बरामद किए गए गांजा लगभग 6 लाख 36 हजार रूपए का बताया जा रहा हैं। आरपीएफ ने कुल वजन 31.840 कि.ग्रा. के लगभग 31 पैकेट गांजा जप्त किया हैं, जिसकी कीमत लगभग 6,36,800 रुपए हैं। मामले में महिला दरबारी बेगम निवासी नागपुर और निखिल सुदाम निवासी नागपुर को पुलिस विभाग की टीम ने नारकोटिक्स डिपार्टमेंट को इस केस को हेंडओवर किया है।

### खाई में गिरा अनियंत्रित ट्रक, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**कबीरधाम।** कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमंत खोल घाटी के नीचे चाटा गांव में बीती रात एक बजे सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यहां घाट के नीचे एमपी से मटर लेकर आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। मौके पर कुकदूर थाना की पुलिस पहुंची। मिली जानकारी अनुसार, यह वाहन मध्य प्रदेश की तरफ से छत्तीसगढ़ तरफ आ रहा था। रात में घाट पर मोड़ होने के कारण चालक नहीं समझ सका और सीधे ट्रक खाई में जा गिरा। जिस जगह पर यह हादसा हुआ है, वहां मोबाइल नेटवर्क की दिक्कत है। इस कारण पुलिस को भी देरी से सूचना मिली। आसपास से गुजरने वाले लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# दलबदलुओं को नकारने का मिथक टूटेगा!

## कई दिग्गज दलबदलुओं को नकार चुके हैं छत्तीसगढ़ के मतदाता

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दलबदलुओं को नकारने की रवायत क्या इस बार भी कायम रह पाएगी? सवाल इसलिए भी है क्योंकि अलग राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ में अब तक लोकसभा के 4 चुनाव हो चुके हैं और इस दौरान जिस भी नेता ने दल बदलकर चुनाव लड़ा, उसे मतदाताओं ने नकार दिया। चाहे वह विद्याचरण शुक्ल हो या फिर करुणा शुक्ला। ऐसे में कांग्रेस छोड़कर भाजपा की टिकट पर सरगुजा से चुनाव लड़ रहे चिंतामणि महाराज का चिंता बढ़ना भी लाजिमी है। हालांकि भाजपा इस मिथक के टूटने का दावा कर रही है।

छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटों पर चुनावी घमासान चरम पर है। राज्य की दोनों प्रमुख पार्टियां बीजेपी और कांग्रेस अपने-अपने जीत के दावे कर रहे हैं, लेकिन इसी बीच एक मिथक खूब चर्चा में है। दरअसल राज्य बनने के बाद हुए 4 लोकसभा चुनावों में दल-बदल करने वाले प्रत्याशियों को, चाहे वो कितने भी दिग्गज क्यों न रहे हों- जनता ने नकार दिया है। यही चिंता लोकसभा चुनाव 2024 में सरगुजा लोकसभा सीट पर खड़े बीजेपी प्रत्याशी चिंतामणि को सता रही है। नेताजी की चिंता यूं ही नहीं है। अब तक के रिकॉर्ड यही बताते हैं कि दल बदलने वालों को छत्तीसगढ़ की जनता पसंद नहीं करती है और ऐसे लोगों को नकार दिया जाता है। यहां दल बदलने पर विद्याचरण शुक्ल जैसे दिग्गज भी हार का स्वाद चख चुके हैं।

इंदिरा गांधी के समय कांग्रेस के सबसे ताकतवर नेता रहे विद्याचरण शुक्ला ने कांग्रेस छोड़कर 2004 का लोकसभा चुनाव बीजेपी की टिकट से लड़ा और बुरी तरह हार गए। इसी तरह से भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की भतीजी करुणा शुक्ला ने बीजेपी छोड़कर कांगेस का दामन थामा। उन्होंने साल 2014 में बिलासपुर से लोकसभा चुनाव लड़ा और हार गईं। कुछ ऐसा ही बीजेपी के कद्दावर नेता रहे ताराचंद साहू के साथ भी हुआ। वे साहू समाज के बड़े नेता माने जाते रहे थे। साल 2009 में उन्होंने बीजेपी का साथ छोड़ा और छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच बनाकर लोकसभा चुनाव लड़ा लेकिन जनता ने उन्हें भी नकार दिया।



### इस बार टूटेगा मिथक- भाजपा

बीजेपी का दावा है दलबदलुओं की हार का मिथक इस बार टूटेगा। वहीं कांग्रेस कह रही दलबदलुओं को छत्तीसगढ़ की जनता ने अब तक स्वीकार नहीं किया है और आगे भी नहीं करेगी। छत्तीसगढ़ बीजेपी के प्रवक्ता राजीव चक्रवर्ती का कहना है कि बीजेपी राज्य में 11 में से 11 सीटें जीतेगी और हारने का मिथक टूटेगा। देश में मोदी की लहर है। राम मंदिर बनने की खुशी सरगुजा में भी है और यहां से चिंतामणि महाराज भारी मतों से जीतेंगे। दूसरी तरफकांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन सुशील आनंद शुक्ला का कहना है कि छत्तीसगढ़ में दलबदलू न घर के रहते हैं ना घाट के। अजीत जोगी के समय बहुत सारे लोग बीजेपी से कांग्रेस में आये थे लेकिन सभी का राजनीतिक अवसान हो गया। विद्याचरण शुक्ल कांग्रेस छोड़कर एनसीपी उसके बाद बीजेपी में गए लेकिन महासमुंद से करीब डेढ़ लाख वोटों से हार गए। ऐसा इसलिए है क्योंकि छत्तीसगढ़ की जनता दल बदलने वाले नेताओं को पसंद नहीं करती। अब नतीजे तो 4 जून को आएंगे लेकिन पुराने रिकॉर्ड को देखते हुए चिंतामणि महाराज की चिंता जरूर बढ़ गई होगी।

# बाघ की दहशत, 7 गाँव में लगा कर्फ्यू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार/भाटापारा।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में स्थित बारनवापारा अभ्यारण में कई सालों बाद अचानक बाघ दिखने से हड़कंप मच गया है। बाघ की सुरक्षा को लेकर वन विभाग सहित प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। जिला कलेक्टर केएल चौहान ने बारनवापारा अभ्यारण के आसपास के सात गांव में धारा 144 लागू कर दी है, जिनमें रवान, मोहदा, कौआबाहरा, मुरुमडीह, छतालडबरा, गजराडीह व दलदली गांव शामिल है। इन सात गावों में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर भी रोक लगाया गया है।



बताया गया है कि बाघ को पहली बार शिक्षक कांशीराम पटेल ने 7 मार्च को बारनवापारा अभ्यारण सिरपुर रोड में देखा और वीडियो बनाकर वन विभाग को सूचित किया, लेकिन वन विभाग ने इसे नजरअंदाज कर दिया। हाल ही में वीडियो वायरल हुई, तब कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लिया। जिसके बाद से लगातार वन अमला बाघ की सुरक्षा को लेकर सावधानी बरत रहा है। ग्रामीणों को वन विभाग के अनुमति बगैर जंगलों में जाने पर रोक लगाई गई है। बताते हैं कि ग्रामीणों ने दूसरी बार 8 मार्च को बाघ देखने की सूचना वन विभाग को दी। तत्काल वन विभाग ने टीम गठित कर कार्रवाई की। इस दौरान अमलोर, सुकुलबाय में मवेशियों का शिकार किए जाने की सूचना मिली। बलौदाबाजार वनमण्डल के परिक्षेत्र बल्दाकछार के कर्मचारी ने बाघ को प्रत्यक्ष देखा और पुष्टि की।

बाघ की सुरक्षा को लेकर वन अमला चिंता में है. क्योंकि जंगलों में शिकारियों द्वारा शिकार के कई तरीके अपनाए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टाइगर की उम्र 7 से 8 साल होगी, वह पूरी तरह से स्वस्थ है। छत्तीसगढ़ में पहली बार महासमुंद से टाइगर के लवन रेंज में आने की खबर थी। बलौदाबाजार वन मंडल अधिकारी ने मामले को गम्भीरता से नहीं लिया गया। पिछले दो-तीन दिनों से वीडियो तेजी से वायरल होने के बाद बलौदाबाजार कलेक्टर ने संज्ञान लिया और 7 गांव में धारा 144 लागू किया। बाघ का मूवमेंट लगातार चल रहा है। जानकारों के अनुसार, एक दिन में टाइगर 35 से 40 किमी का मूवमेंट कर लेता है। लिहाजा, उसके बारनवापारा अभ्यारण रेंज में आने से एक ओर जहां लोग रोमांचित हैं. वहीं, वन विभाग के लिए टाइगर की सुरक्षा चुनौती बनी हुई है।



### पाकिस्तान से नहीं रुक रहा आतंकवाद तो भारत की ले ले मदद, राजनाथ सिंह ने फिर दी चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान से लगातार आतंकवाद पर लगाम लगाने की कह रहे भारत ने अब मदद की पेशकश भी कर दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि अगर पाकिस्तान आतंकियों को रोकने में सक्षम नहीं है, तो भारत मदद के लिए तैयार है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान भी सिंह ने कह दिया था कि अगर कोई भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेगा, तो उसे घर में घुसकर मारेंगे।

एएनआई को दिए इंटरव्यू में सिंह ने कहा, 'अगर पाकिस्तान को लगता है कि वह आतंकवाद पर काबू पाने में असमर्थ है या नहीं कर सकते हैं, तो पड़ोसी देश भारत है उसका सहयोग प्राप्त करना चाहते हैं, तो उसका सहयोग प्राप्त करें। भारत सहयोग करने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने चेतावनी दी, 'आतंकवाद का सहारा लेकर अगर वह भारत को अस्थिर करने की कोशिश करेगा, तो उसे इसका खामियाजा भुगतना होगा।'

# हर बार कुंदन बनकर चमके बृजमोहन कांग्रेस के लिए रायपुर बना टेढ़ी खीर

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** सांसद सुनील सोनी की टिकट काटकर भाजपा ने अपने अपराजेय योद्धा बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर के मैदान में उतारा है। बृजमोहन हर चुनाव में कुंदन बनकर चमके हैं। यही वजह है कि रायपुर सीट को कांग्रेस के लिए टेढ़ी खीर माना जा रहा है। दरअसल, इस सीट पर लम्बे समय से कांग्रेस को जीत की तलाश है, जबकि भाजपा ने बृजमोहन को उतारकर एक बार फिर कांग्रेस के समक्ष कड़ी चुनौती पेश की है।

भाजपा ने रायपुर लोकसभा सीट से बृजमोहन अग्रवाल को सामने लाकर कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 2019 के चुनाव में रायपुर लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नौ विधानसभा क्षेत्रों में से छह सीटों पर कांग्रेस का कब्जा था, जबकि दो पर भाजपा और एक पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ ने जीत दर्ज की थी। इसके बावजूद कांग्रेस रायपुर सीट बचाने में असफल रही। बता दें कि आखिरी बार 1984 में कांग्रेस के प्रत्याशी केयूर भूषण ने 2,23,192 से जीत हासिल की थी। उन्होंने भाजपा के प्रत्याशी रमेश बैस को एक लाख से अधिक मतों से हराया था। 1980 के चुनाव में भी केयूर भूषण ही सांसद बने थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने कांग्रेस के निकटतम प्रतिद्वंदी प्रमोद दुबे को लगभग साढ़े तीन लाख वोटों से मात दी थी।

वहीं, इस बार तो रायपुर लोकसभा की नौ विधानसभा सीटों में से आठ पर भाजपा का कब्जा है और एकमात्र भाटापारा की सीट पर कांग्रेस का विधायक है। ऐसे में कांग्रेस की चुनौतियां और बढ़ गई है। इसी बीच भाजपा ने इस बार रायपुर दक्षिण सीट से आठ बार के विधायक बृजमोहन को मैदान में उतारा है। भाजपा में बड़े कद का नेता होने के दृष्टिकोण से कांग्रेस के लिए उनके स्तर का प्रत्याशी चुनना आसान नहीं था। आखिर में विकास उपाध्याय के नाम पर मुहर लगाई गई। विकास, इस बार विधानसभा का चुनाव हारे हैं। जबकि बृजमोहन अपने क्षेत्र से रिकार्ड मतों से जीते।



रायपुर लोकसभा क्षेत्र से बृजमोहन को उतारकर भाजपा ने अपनी मंशा स्पष्ट की तो काफी चिंतन के बाद कांग्रेस ने भी विकास उपाध्याय को प्रत्याशी बनाया। इसी बीच मोदी की गारंटी और लहर का प्रभाव पिछले दो चुनाव से देखने को मिल रहा है और 33 वर्षों से यह सीट कांग्रेस के खाते में नहीं जा पाई है। पिछले लोकसभा चुनाव के परिणाम बताते हैं कि रायपुर लोकसभा के अंतर्गत आने वाली एक भी विधानसभा सीट पर कांग्रेस को कहीं भी बढ़त नहीं मिल पाई थी। भाटापारा ही एकमात्र ऐसी विधानसभा थी, जहां कांग्रेस सिर्फ252 मतों से पीछे रही। इसके अलावा अन्य सभी विधानसभा सीटों में अंतर हजारों में था।

# प्रदेश में छाए रहेंगे बादल, नम हवाओं का आगमन जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नमी हवाओं का आगमन जारी है। इसके प्रभाव से राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में बादल छाए हुए हैं। साथ ही सुबह से ही कई इलाकों में हल्की बारिश हुई है। बुधवार को प्रदेश में मौसम शुष्क रहा। इसके वजह से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आज भी प्रदेश कई इलाकों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। वहीं अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री तक जा पहुंचा है।



मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है। इसके बाद तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि बीते दिनों बुधवार को एक दो जिलों में ही बारिश हुई है। इसके बाद मौसम शुष्क रहा है। इसके प्रभाव से राजधानी रायपुर समेत प्रदेश में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की है।

प्रदेश में लगातार नमी हवाओं का आगमन हो रहा है। आज गुरुवार को प्रदेश के रायपुर बिलासपुर और दुर्ग संभाग के कई जिलों में बारिश होने की संभावना है। साथ ही एक-दो जगहों पर गरज चमक के साथ वज्रपात और अंधड़ चलने की संभावना है। वहीं कल यानि शुक्रवार को प्रदेश में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। साथ ही 30-40 किमी प्रति घंटा से हवाएं चलने की संभावना है।

# छत्तीसगढ़ के 7 जजों का प्रमोशन, बनाए गए डिस्ट्रिक्ट जज

### 70 से अधिक सिविल जजों का भी तबादला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश में बड़े पैमाने पर जजों का ट्रांसफर किया गया है। सात न्यायिक अधिकारियों को एंट्री लेवल डिस्ट्रिक्ट जज के पद पर पदोन्नत कर एडीजे बनाया गया है। 70 से अधिक सिविल जजों का तबादला भी किया गया है। यही नहीं राज्यपाल के विधि अधिकारी को एडीजे बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के निर्देशानुसार न्यायिक सेवा में फेरबदल के साथ अफसरों का प्रमोशन किया गया है।



इसके अंतर्गत नीरू सिंह राज्यपाल सचिवालय विधि अधिकारी को रायपुर में एडीजे दशम के रूप में स्थानांतरित किया गया है। साथ ही सात सीनियर सिविल जजों को एंट्री लेवल डिस्ट्रिक्ट जज के रूप में पदोन्नत किया गया है। इसके अलावा राज्य के अलग अलग स्थानों में पदस्थ करीब 70 के करीब सिविल जजों का तबादला आदेश भी जारी किया गया है।

### सीनियर सिविल जजों को बनाया गया एडीजे

प्रमोशन पाने वाले सात सीनियर सिविल जजों में संजय रात्रे रजिस्ट्रार कमर्शियल कोर्ट को एडीजे सेकेंड बलौदाबाजार, संतोष ठाकुर सीजेएम दुर्ग को रायगढ़, नरेंद्र कुमार सीजेएम अंबिकापुर को रायपुर में, श्यामवती मरावी सीजेएम बलौदाबाजार को दुर्ग में एडीजे, सुषमा लकड़ा सीजेएम सूरजपुर को यहीं एडीजे, अनिल प्रभात मिंज सीजेएम धमतरी को बिलासपुर में एडीजे और दीपक कुमार कोशले सीजेएम रायगढ़ को दुर्ग में फ़िफ्थ एडीजे नियुक्त किया गया है।

# आईआईटियन्स को क्यों नहीं मिल रही नौकरी

श्रीकंचनपथ




एक हालिया सर्वे में यह बात सामने आई है कि देश की प्रीमियर इंस्टीट्यूट आईआईटी से निकलने वाले इंजीनियर्स को भी अब अच्छी नौकरियां नहीं मिल रहीं। आंकड़ों के मुताबिक आईआईटी खड़गपुर के 53 फीसद, आईआईटी इंदौर के 50 फीसद, आईआईटी भुवनेश्वर के 29 फीसद और आईआईटी पटना के 33 फीसद, आईआईटी मुम्बई के 36 फीसद ग्रैजुएट्स को नौकरी नहीं मिली। हालांकि यह ट्रेंड काफी पहले से चल रहा था मगर यह मुखर हुआ कोरोना काल के बाद। कोरोना काल के दौरान जब पूरा विश्व ठहर गया तो इसका सबसे खतरनाक असर हुआ उद्योग-धंधों पर। अनिश्चित भविष्य ने लोगों को इतना डराया कि एक बार फिर दुनिया बचत की ओर लौट गई। जमे-जमाए उद्योग धंधों ने वैकल्पिक निवेश के रास्ते ढूंढने शुरू कर दिये। कुछ लोगों ने पीक रेट पर अपनी कंपनी बेची और नए विकल्पों पर काम करने लगे। अस्थिरता के इस दौर का असर वेतन और पैकेज पर भी पड़ा पर शिक्षा उद्योग ने लोगों का ध्यान बंटा दिया। हमेशा की तरह उसने नए-नए कोर्स, नई-नई डिग्रियां और सर्टिफिकेशन का एक नया जाल बिछाना शुरू कर दिया। हालांकि, इसके लिए उसे दोष नहीं दिया जा सकता। अन्यान्य क्षेत्रों की भांति संकट में शिक्षा उद्योग भी है। पर इसका नुकसान यह हुआ कि जॉब मार्केट टर्बुलेंस की तरफलोगों का वैसा ध्यान नहीं गया, जैसा कि जाना चाहिए था। लोगों को नहीं दिखा कि 15-16 लाख का पैकेज ऑफर करने वाली कंपनियों ने 5-6 लाख का जॉब ऑफर करना शुरू कर दिया। महानगरों को छोड़कर वे छोटे शहरों के कालेजों में कैम्पस करने लगे। जो कंपनियां पहले इंजीनियरिंग कालेजों में कैम्पस करती थीं, अब उन्होंने डिग्री कालेजों का रुख कर लिया। ये बड़ी कंपनियां अब तक अपना दफ्तर मुम्बई, नोएडा, गुरुग्राम, बेंगलुरु, हैदराबाद जैसे बड़े शहरों में खोलती थीं। यहां कॉस्ट ऑफ लिविंग महंगा होने के कारण अच्छा पैकेज देना उनकी मजबूरी थी। कोरोनाकाल ने इसका भी साल्यूशन दिया-वर्क फ्रॉम होम। कंपनियों को इसका ऐसा चस्का लगा कि उन्होंने अपना एस्टैब्लिशमेंट कॉस्ट कम कर लिया। वर्क फ्रॉम होम को स्थायी कल्चर बना दिया। इससे न केवल उसका स्थापना व्यय कम या शून्य हो गया बल्कि लोगों को महानगरों में ऊंचा वेतन देकर बुलाने की समस्या से भी निजात मिल गई। कुछ दिन पहले इंटरनेशनल लेबर आर्गनाइजेशन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट आई थी जिसमें कहा गया था कि उच्च शिक्षितों को रोजगार हासिल करने में दिक्कतें हो रही हैं जबकि कम पढ़े लिखे लोगों को काम आसानी से मिल रहा है। दरअसल, यह पूरा खेल सैलरी एक्सपेक्टेशन का है। लोगों को सिर्फ पैकेज का आकार दिखता है। उससे जुड़े खर्च आज भी उनकी समझ में नहीं आते। अपने शहर में 15 हजार की नौकरी करने वाला बाइक खरीद सकता है। जबकि हैदराबाद, बेंगलुरू, मुम्बई, गुरुग्राम जैसे शहरों में नौकरी करने वाले बच्चों को 50 हजार की सैलरी मिलने के बाद भी घर से पैसे मंगवाने पड़ते हैं।



## संपादकीय

### माफी नामंजूर

> सर्वोच्च न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में माफी नामंजूर कर जो संदेश देने की कोशिश की है, उसे व्यापक व सकारात्मक दृष्टि से देखने की जरूरत है। बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण की बिना शर्त माफी को स्वीकार करने से मना करने से ज्यादा महतवपूर्ण है, जिम्मेदार सरकारी अधिकारियों के प्रति कोई नरमी न बरतना।

बुधवार को सभी आरोपी माफी की मुद्रा में थे, पर अदालत ने माफी को पर्याप्त नहीं माना। गुमराह करने वाले कथित विज्ञापन प्रकाशित करने का जिक्र करते हुए अदालत ने कह दिया कि अवमानना मामले में कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहिए। अवमानना की कार्रवाई से बचने की हर संभव कोशिश की गई थी, पर ऐसा लगता है कि अदालत ने इस मामले को वांछित गंभीरता से लिया है। अदालत का मानना है कि जानबूझकर अदालत के निर्देश की अवहेलना की गई है और हलफनामे पहले मीडिया को भेजे गए हैं, ताकि प्रचार से लाभ लिया जा सके।

खैर, न्यायालय ने आगे की सुनवाई 16 अप्रैल को करने का फैसला किया है। शायद उस दिन कोई ठोस फैसला सामने आएगा। ध्यान रहे, अदालत ने दिव्य फार्मेसी के खिलाफ शिकायतों पर कार्रवाई में देरी करने के लिए उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के अधिकारियों की भी जमकर खिंचाई की है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने अधिकारियों को जिस लहजे में चेताया है, वह गौर करने लायक है। आम तौर पर यह देखा गया है कि दवा या खान-पान व्यवसाय से जुड़ी गड़बड़ियों के प्रति जिम्मेदार अधिकारियों का रवैया लगभग आपराधिक रहता है। लोगों के जीवन से खिलवाड़ होता है, पर आधिकारियों की नींद नहीं टूटती। यह कोई नई बात नहीं है, आए दिन नकली या मिलावटी दवाएं पकड़ी जाती हैं, फिर भी अनेक कंपनियां इस स्याह कारोबार में अपने हाथ काले करने के लिए आती रहती हैं। ज्यादातर मामलों में अधिकारी तभी जागते हैं, जब लोग जान-माल से हाथ धोने लगते हैं। जब बहुत महंगी दवाओं का भी काला कारोबार हो सकता है, तब सामान्य दवाओं या खाने-पीने की चीजों में कितनी मिलावट होती होगी, सोचा जा सकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि ज्यादातर वस्तुओं की गुणवत्ता पर लोग शक करते हैं और समाज में इस पर खुलकर चर्चा होती है, पर जिम्मेदार अधिकारी तरह-तरह के बहानों में अपना मुंह छिपाए रहते हैं। ऐसे अधिकारियों पर अगर नकेल कसी जाए, तो अपराधी कारोबारियों पर भी लगाम लगेगी।

अब समय आ गया है, जब देश के लोगों को भ्रामक विज्ञापनों से बचाया जाए। सवाल किसी एक कंपनी का नहीं है, सवाल पूरे बाजार का है। जहां एक से बढ़कर एक गलत विज्ञापनों की भरमार है। झूठे दावों की लंबी फेहरिस्त है, ऐसे दावों पर युद्ध स्तर पर प्रहार होना चाहिए। केवल उन्हीं अधिकारियों को नहीं, बल्कि दवा गुणवत्ता से जुड़े सभी अधिकारियों को सचेत हो जाना चाहिए। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कतई मंजूर नहीं। पूरे देश में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि बीमारियों के इलाज का दावा करने वाला कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। भविष्य में कोई भी कंपनी दूसरी कंपनी के लिए अपमानजनक विज्ञापन जारी नहीं करे। एक महत्वपूर्ण बात यह भी कि कार्यपालिका के साथ ही विधायिका के भी किसी प्रतिनिधि को फर्जी दवा निर्माताओं के साथ खड़े होने से बचना चाहिए।

## सियासत के मंच पर फिल्मी सितारे

उमेश चतुर्वेदी

भाजपा ने कंगना राणावत को हिमाचल प्रदेश में मंडी से चुनावी मैदान में क्या उतारा, राजनीति में फिल्मी सितारों की मौजूदगी को लेकर चर्चा तेज हो गयी। वैसे कंगना कोई पहली स्टार नहीं हैं। लोकतांत्रिक समाज में चुनावी मैदान को पूर्णकालिक राजनीतिक कार्यकर्ताओं के लिए ही सीमित करना संभव नहीं है, परंतु यह सवाल जरूर उठता रहा है कि चुनाव में सिनेमाई सितारों का उतरना कितना जायज है। इसकी वजह है, राजनीति में उनकी कम सक्रियता। चुनाव जीतने वाला व्यक्ति अपने क्षेत्र की जनता का संसद में प्रतिनिधि होता है। इस नाते उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने क्षेत्र के विकास और भलाई के लिए काम करे, विभिन्न मंचों पर उनकी आवाज बने।


राजनीति में सितारों के छाने की प्रक्रिया का विश्लेषण करें, तो दो तरह की प्रवृत्तियां सामने आती हैं। दक्षिण भारत में फिल्मी दुनिया के सितारे अपने राजनीतिक आसमान के लिए महज चमकते हुए सितारे ही साबित नहीं हुए, बल्कि जमीनी स्तर पर भी उन्होंने खूब प्रभावित किया। तमिलनाडु के दोनों प्रमुख दलों की मुखिया रही शख्सियतें इसका उदाहरण हैं। द्रमुक के प्रमुख रहे एम करुणानिधि तमिल फिल्मों के पटकथाकार रहे थे, लेकिन राजनीति में जब वे आये, तो राजनीति के ही होकर रह गये। देखते ही देखते वे राजनीति का ऐसा चेहरा बन गये, जिनके बिना तमिलनाडु की राजनीति की कल्पना भी नहीं की जा सकती। ऐसी ही स्थिति अन्ना द्रमुक के प्रमुख रहे एमजी रामचंद्रन और जे जयललिता की भी रही। एमजी रामचंद्रन तमिल फिल्मों के सुपर स्टार थे, कुछ ऐसा ही जयललिता के साथ था। लेकिन राजनीति में आने के बाद यह जोड़ी भी राजनीति की ही होकर रह गयी। आंध्र प्रदेश की राजनीति में ऐसा ही नाम नंदमूरि तारक रामाराव का रहा। अस्सी के दशक में उन्होंने तेलुगू बिड्डा नाम से कांग्रेस विरोधी अभियान शुरू किया और आंध्र के सियासी आसमान पर छा गये। वर्ष 1989 की केंद्रीय राजनीति में भी उनकी बड़ी भूमिका रही। उत्तर भारतीय राजनीति में सिनेमाई हस्तियों के साथ हालात अलग रहे। मुंबइया सिनेमा के हीरो की सिनेमाई पर्दे पर 'लार्जर दैन लाइफ' छवि रही, लेकिन राजनीति की पथरीली जमीन पर यह छवि पस्त पड़ती रही। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए 1984 के आम चुनाव में कांग्रेस ने हिंदी सिनेमा की तीन बड़ी शख्सियतों- अमिताभ बच्चन, सुनील दत्त और वैजयंतीमाला बाली- को उम्मीदवार बनाया था, तीनों को जीत भी मिली, लेकिन सिर्फ सुनील दत्त ही मैदान में बने रहे। उनकी राजनीतिक यात्रा 25 मई 2005 को उनके निधन तक जारी रही। पर बोफोर्स मामले में नाम आने के बाद अमिताभ ने राजनीति से तौबा कर ली। वैजयंतीमाला भी बाद में राजनीति से अलग हो गयीं। बाद में हिंदी सिनेमा के दो और नाम आये- कांग्रेस से राजेश खन्ना और भाजपा से शत्रुघन सिन्हा राजनीति में रम पाये, जो अब तृणमूल कांग्रेस के साथ हैं।

सुनील दत्त और शत्रुघ्न सिन्हा की परंपरा में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को भी रखा जा सकता है। अब राजनीति ही उनका ओढ़ना-बिछौना है। केंद्रीय मंत्रालयों का जिम्मा संभालने की बात हो या भाजपा का पक्ष रखना हो, दोनों ही भूमिकाओं में वे दूसरे सितारों से कहीं ज्यादा गंभीर हैं। राजनीति में जयाप्रदा और जया बच्चन ने भी समाजवादी पार्टी के जरिये कदम रखा। जयाप्रदा लोकसभा में रहीं, तो जया बच्चन लगातार राज्यसभा में हैं। अरसे से भाजपा में हेमा मालिनी सक्रिय हैं। वे दो बार मथुरा से सांसद हैं। वे राज्यसभा में भी रह चुकी हैं। उनके पति धर्मेंद्र राजस्थान के बीकानेर से सांसद रहे, तो धर्मेंद्र के बेटे सन्नी देओल पंजाब के गुरदासपुर से, लेकिन दोनों को राजनीति रास नहीं आयी। रामायण सीरियल की लोकप्रियता के दौर में भाजपा ने 1991 में दीपिका चिखलिया और अरविंद त्रिवेदी को गुजरात से मैदान में उतारा। बाद में दोनों ही राजनीति से दूर हो गये। इस बार पार्टी ने राम की भूमिका निभाकर लोकप्रिय हुए अरुण गोविल को मेरठ से उम्मीदवार बनाया है। विनोद खन्ना पंजाब से सांसद रहे और वाजपेयी सरकार में उन्हें राज्य मंत्री भी बनाया गया था। भाजपा से मनोज तिवारी, दिनेश यादव निरहुआ और रवि किशन जैसे भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता सांसद हैं। अभिनेत्री किरण खेर चंडीगढ़ से सांसद हैं। पश्चिम बंगाल से पार्टी रूपा गांगुली को राज्यसभा भेज चुकी है, तो लोकसभा में बांग्ला की अभिनेत्री लॉकेट चटर्जी पार्टी की सांसद हैं। तृणमूल कांग्रेस ने पिछली बार अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती और नुसरत जहां को संसद भेजा था। पहले यहीं से भाजपा ने फिल्मी गायक बाबुल सुप्रियो को संसद भेजा, बाद में वे तृणमूल में शामिल हो गये और अभी राज्य में मंत्री हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**नजरिया** "राजस्थान के इस लोकसभा चुनाव में तीन बातें साफ-साफ दिखाई देती हैं। एक, यह एक लहर विहीन चुनाव है, हालांकि माहौलबंदी जरूर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में है।

## क्या राजस्थान में करवट बदलेगा ऊंट



विजय विद्रोही, वरिष्ठ पत्रकार

दूसरी बात, सन् 1980 से लेकर 2019 तक राज्य में हुए ग्यारह लोकसभा चुनावों में बिना लहर वाले चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीटें करीब आधी-आधी बंटती रही हैं। तीसरी, बिना लहर के चुनाव में जिस दल के पक्ष में ज्यादा माहौलबंदी होती है, वह करीब 70-80 फीसदी सीटें निकाल लेता है। मगर दूसरे दल के हिस्से में भी 20 से 30 फीसदी सीटें आ ही जाती हैं।

राज्य में सन् 1991 और 1996 के आम चुनाव बिना किसी लहर के थे। 1991 में राज्य की 25 सीटों में कांग्रेस को 13 और भाजपा को 12 सीटें मिली थीं। 1996 में दोनों दलों को 12-12 सीटें मिलीं। एक सीट निर्दलीय के खाते में गई। मगर साल 1999 में कारगिल युद्ध में भाजपा के पक्ष में माहौल बना, तो उसने 16 सीटें निकाल लीं। कांग्रेस को नौ सीटों से ही संतोष करना पड़ा। इसी तरह, 2009 में तत्कालीन मनमोहन सरकार के आर्थिक मोर्चे पर अच्छे दिन से बने माहौल का फायदा उठाते हुए कांग्रेस ने 20 सीटें जीत लीं, तो बीजेपी को पांच मिली इस बार भी बिना लहर का ऐसा चुनाव है, जिसमें भाजपा का पलड़ा भारी है, लेकिन साल 2014 और 2019 की तरह कांग्रेस का सूपड़ा साफ होने की संभावना या आशंका (अपनी-अपनी नजर में) कम नजर आती है।

जाहिर है, इस बार के आम चुनाव दिलचस्प हो गए हैं। साल 2014 के बाद पहली बार भाजपा नेता भी मान रहे हैं कि चार-पांच सीटों पर उन्हें टक्कर मिल रही है। एक दशक बाद भाजपा ने राज्य में अपने आधे उम्मीदवार बदले हैं। पहली बार उसने कांग्रेस से आए दो-दो नेताओं को टिकट दिया है। साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने छह लोकसभा सांसदों को विधानसभा चुनावों में उतारा था। तीन जीते-तीन हारे। इससे यह साफ जाहिर हुआ था कि सांसदों के खिलाफ सत्ता-विरोधी रुझान है, लिहाजा 25 में से 11 नए चेहरे उतारे गए हैं।

बाहर से लाए गए नेताओं और थोक में भर-भरकर शहर और जिला स्तरीय नेताओं को पार्टी में शामिल करने से कुछ जगह पुराने कार्यकर्ताओं में रोष भी देखने को मिल रहा है। 2014 के बाद से पहली बार हुआ है कि भाजपा के एक सांसद राहुल कस्वां कांग्रेस के टिकट पर चूरू से चुनाव लड़ रहे हैं, तो बड़े गुर्जर नेता प्रह्लाद गुंजल कांग्रेस के टिकट पर कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को टक्कर दे रहे हैं। दो बार की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे इस बार अपने बेटे दुष्यंत सिंह की झालावाड़ सीट तक सिमट गई हैं।

जहां तक कांग्रेस पार्टी की बात है, तो 2014 के बाद पहली बार इसने तीन सीटों पर गठबंधन किया है। नागौर की सीट आरएलपी के हनुमान बेनिवाल के लिए और सीकर की सीट सीपीएम के अमरा राम के लिए छोड़ी गई है। इस बार पार्टी के बड़े नेताओं ने चुनाव लड़ने में आनाकानी दिखाई। अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच की सियासी अदावत में ऐसा पहली बार हुआ है कि टिकट वितरण में पायलट की अधिक चली और कम से कम पांच सीटों पर वह अपने नेताओं को टिकट दिलवाने में कामयाब रहे हैं।

इधर, प्रधानमंत्री मोदी अपनी रैलियों में कांग्रेस के घोषणापत्र से लेकर अन्य मुद्दों पर जो भी बोलते हैं, दूसरे नेता उसे दोहरा भर रहे हैं। जहां तक राज्य के मुद्दों की बात है, तो भाजपा पूर्वी राजस्थान में चंबल और यमुना के पानी को पहुंचाने की योजना को आधार बना रही है। राम मंदिर को भी भुनाने की कोशिश हो रही है। उधर कांग्रेस ने चुनाव कमेटी जरूर बनाई है और उसका घोषणापत्र भी सामने आ चुका है, लेकिन मतदाताओं तक घोषणापत्र की खास-खास बातों को सरल-सहज भाषा में पहुंचाने के गंभीर प्रयास दिख नहीं रहे। कांग्रेस को राहुल गांधी का इंतजार है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस पूरे चुनाव को सीट-दर-सीट के हिसाब से लड़ रही है। सचिन पायलट की मांग ज्यादा है और वह मोदी सरकार के दस सालों का हिसाब सामने रखकर वोट मांग रहे हैं।

सबसे रोचक मुकाबला शेखावाटी और बाड़मेर में है। बाड़मेर जैसलमेर की सीट क्षेत्रफल के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी लोकसभा कहलाती है। यहां 26 साल के युवा रविंद्र सिंह भाटी निर्दलीय लड़ रहे हैं और कांग्रेस की जीत का आधार बन सकते हैं। उधर, शेखावाटी की तीनों सीटों चूरू, झुंझुनूं और सीकर में इस बार भारी उलटफेर हो सकता है। चूरू में बीजेपी ने दो बार के सांसद राहुल कस्वां का टिकट काटा, जिनके पिता भी यहां से चार बार भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत चुके थे। अब कस्वां कांग्रेस से लड़ रहे हैं। बगल की झुंझुनूं सीट से कद्दावर जाट नेता शीशराम ओला के बेटे बृजेंद्र ओला कांग्रेस की कमान संभाले हैं और मुकाबले में भाजपा के शुभकरण चौधरी हैं, जो यहां की उदयपुरवाटी सीट से विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। सीकर की सीट सीपीएम को दी गई है। इन तीन लोकसभा सीटों के तहत विधानसभा की 24 सीटें आती हैं, जिनमें से कांग्रेस ने 16 जीती थीं, तो बीजेपी इसकी आधी सीटें ही जीत पाई थी।

बहरहाल, पिछले लोकसभा चुनावों में भाजपा ने 16 सीटें दो लाख से ज्यादा अंतर से जीती थीं। इनमें से चार सीटें तो चार लाख के ज्यादा अंतर से जीती गई थीं। इसीलिए भाजपा कुछ आश्वस्त दिख रही है। उसे लगता है, कांग्रेस भले ही कुछ सीटों पर टक्कर दे रही हो, पर हार का अंतर पाटना आसान नहीं होगा। सांसदों के खिलाफ एंटी इंकम्बेंसी उनके टिकट काटकर काफी हद तक दूर की जा चुकी है। धनबल में भाजपा बहुत आगे है। बूथ स्तर पर उसकी तैयारी कांग्रेस से कई गुना अच्छी है। चुनाव के समय पारा 42 डिग्री पार रहने का अनुमान है और भाजपा को उम्मीद है कि उसके समर्थक मोदी की हैट्रिक के लिए सुबह दस साढ़े दस बजे तक वोट डाल चुके होंगे, वैसे भी पूरा चुनाव मोदी के चेहरे पर ही लड़ा जा रहा है। फिर भी, लोगों का यही कहना है कि इस बार ऊंट को भी पता नहीं है कि किस लोकसभा सीट में वह किस करवट बैठेगा? ऐसी सीटों की संख्या चार से छह के बीच बताई जा रही है, पर कांग्रेस आठ-नौ सीटों पर चर्चा में है। इनमें से पांच-छह में तगड़ी टक्कर भी दे रही है, लेकिन जो दल अपने समर्थकों को मतदान केंद्रों तक लाने में कामयाब रहा, ऊंट उसी करवट बैठ जाएगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## सद्भाव से संपन्न समाज का पैगाम देता ईद-उल-फितर

सरताज अहमद,
प्रोफेसर व शिक्षाविद्

ईद-उल-फितर का त्योहार आमतौर पर हिजरी (इस्लामी चंद्र कैलेंडर) के 10वें महीने शव्वाल के पहले दिन मनाया जाता है, जो रमजान के ठीक बाद आता है। ईद शब्द का अर्थ अरबी, उर्दू और फारसी में खुशी या हर्षोल्लास से है, यानी वह खुशी, जो बार-बार आए। ईद-उल-फितर एक महीने तक रखे गए सामूहिक उपवासों की समाप्ति का दिन है।

पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को मदीना आने के दो साल बाद सन् 624 ईस्वी में रमजान के पूरे महीने में रोजे रखने का आदेश हुआ था। एक महीने के रोजे रखने के बाद इसी वर्ष पहली बार ईद मनाई गई थी। इसी दिन पैगंबर हजरत मुहम्मद ने बद्र के युद्ध में विजय हासिल की थी। तब लोगों ने खुशी में ईद का त्योहार मनाया था। तब से अभी तक ईद का त्योहार विश्व भर में पूरे हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

यह रमजान के पवित्र महीने की समाप्ति पर अल्लाह की तरफ से मुसलमानों को मिलने वाले इनाम का दिन माना जाता है। इस्लामी कैलेंडर के नौवें महीने में पूरे माह के रोजे नमाज, तरावीह, तहज्जुद की नमाज, लैलेतुल कद्र की इबादत तथा एहतकाफ (एकांतवास ) को पूरा कर लेते हैं, तो अल्लाह इस दिन अपनी इबादत करने वाले बंदों को बख्शीश व इनाम से नवाजता है। इसी दिन को ईद-उल-फितर का नाम दिया गया है। पवित्र रमजान के महीने की समाप्ति पर मुसलमान अल्लाह का शुक्रिया अदा इसलिए भी करते हैं कि अल्लाह ने उन्हें पूरे महीने के उपवास रखने की शक्ति दी, मन-मस्तिष्क को शांति दी और पवित्र महीने में इबादत का भागीदार बनाया। अत: इस दिन लोग जश्न मनाने और अल्लाह के हुक्म को साझा करने के लिए खुले आसमान के नीचे दिन के उजाले में इकट्ठा होते हैं। ईद के दिन भोर में सामूहिक रूप से अल्लाह की इबादत करते हैं। खास बात यह भी है कि ईद के दिन रोजा रखना हराम है।

ईद पूरे मुस्लिम समुदाय के लिए खुशी का समय है। यह सबको साथ लेकर चलने का संदेश देता है। ईद-उल-फितर मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। ईद पर हर मुसलमान चाहे वह आर्थिक रूप से संपन्न हो या न हो, सभी एक साथ नमाज पढ़ते हैं। यह पर्व त्याग और अपने मजहब के प्रति समर्पण को दर्शाता है। यह बताता है कि इंसान को अपनी इंसानियत के लिए इच्छाओं का त्याग करना चाहिए, जिससे एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके। यह प्रेम, करुणा व स्नेह की भावनाओं के विस्तार का त्योहार है। एक शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज बनाने के लिए हमें यह प्रेरित करता है।

हालांकि, इस्लामी परंपराओं में सर्वमान्य ईद के दौरान तीन बार गले मिलने का कोई विशेष महत्व नहीं है। फिर भी मुसलमानों के लिए स्नेह, भाईचारे और सद्भावना के संकेत के रूप में ईद-उल-फितर जैसे समारोहों के दौरान एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई देना आम बात है। रमजान के पवित्र महीने में ईद से पहले हर संपन्न व्यक्ति को एक किलो 633 ग्राम गेहूं या उसकी बाजार के मौजूदा भाव के आधार पर तय कीमत के बराबर राशि गरीबों में वितरित करनी होती है। इसे फितरा कहते हैं। चिंतन और खुशी के बीच ईद-उल-फितर को फितरा के नाम दान का पर्व भी कहा जाता है। गरीबों को दान देना इस्लाम में अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया गया है। कहा गया है कि गरीबों, अनाथों और बंदियों को उनकी इच्छा के अनुसार भोजन दो। जकात इस्लाम में एक प्रकार का दान है, जिसको धार्मिक रूप से जरूरी और कर के रूप में देखा-माना जाता है।

कुरान में नमाज के बाद जकात का ही स्थान है। इस्लामी शरीयत के मुताबिक, हरेक समृद्ध मुसलमान को 52.5 तोला चांदी (612.36 ग्राम) या 7.5 तोला (87.48 ग्राम) सोना या इसके बराबर रकम या व्यवसाय के इरादे से खरीदी हुई वस्तु, माल, जमीन वगैरह-वगैरह पर इस तरह मालिक होने की सूरत में कि एक हिजरी साल गुजर जाए, तो उसको अपनी कुल सालाना बचत का 2.5 प्रतिशत हिस्सा गरीबों को दान में देना दीनी फर्ज है, इस दान को ही जकात कहते हैं। हमें अपने परिजनों, दोस्तों, पड़ोसियों, गरीबों, रोगियों और जरूरतमंदों की आर्थिक सहायता करके ईद का आनंद लेने का प्रयास करना चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## भारत के खिलाफ भीतरी चाल रचने वालों में कुचक्र की बू

भारतीय खुफिया एजंसियों द्वारा पाकिस्तान समेत दुनिया के तमाम देशों में रहने वाले दुश्मन या भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने वालों को भारतीय खुफिया एजेंसियों द्वारा खत्म किया जा रहा है। ब्रिटिश अखबार 'द गार्जियन' में यह खबर प्रकाशित हुई है जिससे पाकिस्तान में अचानक खलबली मच गई है। भारत सरकार ने इस आरोप को सिरे से खारिज करते हुए इसे झूठा और दुर्भावनापूर्ण भारत विरोधी प्रचार बताया। सवाल यह भी उठ रहा है कि पाकिस्तान संभवत: ये हत्याएं स्वयं करवा रहा हो। द गार्जियन दुनिया भर में बेहद सम्मानित 202 वर्ष पुराना अखबार है। सेंट्रर-लेफ्ट विचारधारा वाला यह अखबार अपने स्कूप्स यानी सनसनी खेज खबरों के लिए भी जाना जाता है। अखबार ने 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उठाए गए साहसिक कदम की भी बात की है। इसने 2020 से अब तक भारत के खिलाफ साजिश रचने वाले बीस आतंकवादियों की हत्या अज्ञात हमलावरों द्वारा होने की भी चर्चा की है। पाकिस्तानी मीडिया इस रिपोर्ट के हवाले से कह रहा है कि मोदी सरकार ने इन हत्याओं के आदेश दिए और यह भी कि रॉ कुख्यात एजेंसी है। पाकिस्तान को सबसे खतरनाक देश कहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अभी बीते दिनों अचानक उसका समर्थन करते रहने का बयान देकर चौंका दिया था। उधर, चीन का भी पाकिस्तानी के प्रति सकारात्मक रुख स्पष्ट है। ऐसे में जब देश में आम चुनाव चालू है, पाकिस्तान जैसे देश के प्रति अपना झुकाव दर्शाने वाले देश या बयान दीर्घकालिक कूटनीतिक संकेत दे रहे हैं।

अपने देश की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना और आतंक फैलाने के मंसूबों को ध्वस्त करना विश्व शांति के लिए बेहद आवश्यक है। खासकर ऐसे समय में जब दुनिया भर को आतंकवाद को प्रश्रय देने के मामले में पाक की करतूतें किसी से छिपी नहीं हैं। विभिन्न अवसरों पर विश्व मंच से बार-बार इस बात को दोहराया गया है, और पाकिस्तान को चेतावनी भी दी जाती रही है। विश्व पटल पर तेजी से मजबूत होती जा रहे भारत के प्रति वैमनस्य रखने वाली मानसिकता की अनदेखी नहीं जानी चाहिए। भारत सरकार को इस पर सिर्फ विरोध ही नहीं करना चाहिए, बल्कि सख्त जवाब की दरकार भी करनी चाहिए ताकि किसी भी दुष्प्रचार का पर्दाफाश कर अपना पक्ष स्पष्ट किया जा सके।

## कट्टर ईमानदार होगा अगला पीएम

विभांशु दिव्याल

ईमानी नेता की आम पार्टी बयान दे-देकर हल्ला मचाये जा रही थी, बार-बार वही रट लगाए जा रही थी कि ईमानी नेता ने सत्ता के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है और देश के सबसे बड़े देशभक्त रामभक्त के मन में डर की धुकधुकी पैदा कर दी है, इसलिए चुनावों में हार के डर से उनके ईमानी नेता के विरुद्ध षड़यंत्र रचाया गया है, शराब घोटाले के झूठे आरोप में फंसाया गया है। लेकिन हम हार नहीं मानेंगे, न डरेंगे, न झुकेंगे, लड़ते रहे हैं लड़ते रहेंगे और सरकार तब तक जेल से चलेगी जब तक हमारे बड़े सरकार जेल में रहेंगे।

आम पार्टी का शराब घोटाले में ही एक तिहाड़ बंद राज्य सभा सांसद अदालत से जमानत की कृपा पाकर बाहर आ गया था और आते ही उसने खुलासे का अपनी समझ से बहुत बड़ा धमाका कर दिया था जिसे हमारे देश के निष्पक्ष, लोकतांत्रिक और निष्कपट मीडिया ने एक फुसफुसे पटाखे के तौर पर लिया था। इस नेता ने बड़े खुलासे के नाम पर पहले से खुले हुए खुलासे को फिर से खोला और बोला कि कैसे एक आरोपी को जेल में डालकर



अंतत: उसे वादामाफ गवाह बनवाया गया, उससे चंदा वसूला गया, उससे कट्टर ईमानी नेता के खिलाफ बयान दिलवाया गया और इसी बयान के षड़यंत्र के तहत कट्टर ईमानदारों को जेल भिजवाया गया। उसने खुलकर खुलासा किया है कि शराब घोटाला देश की आम पार्टी ने नहीं बल्कि भारत की जनता पार्टी ने किया है। इस घोटाले में राष्ट्रभक्त पार्टी के बड़े-बड़े नेता शामिल हैं मगर इनके विरुद्ध कुछ नहीं किया जा रहा है, घोटाला सत्ताधारी पार्टी का है मगर ईमानदार नेताओं को आरोपित बनाकर गिरफ्तार किया जा रहा है।

जैसी कि राजनीति की मौजूदा ढलन है और जैसा कि आम चलन है, किसी भी पार्टी के विचारवान, भक्त कार्यकर्ता दिमाग के ढक्कन बंद करके, अपनी समूची प्रखरता को मंद करके, अपने कुंद से कुंद नेता के सुर में सुर मिलाते हैं, उसके हर हुंकारे पर जोर-शोर से चिल्लाते हैं, उसके इशारों पर अपने हाथों को दुम की तरह घूम-घूमकर हिलाते हैं, साथ जीने-मरने की पचनीय-अपचनीय कसमें खाते हैं और उसे ही भूमंडल का सर्वश्रेष्ठ नेता बताते हैं वैसे ही आम पार्टी के कार्यकर्ता भी कर रहे थे और जनता की दुहाई दे-देकर अपनी जीत के कुलांचे भर रहे थे कि जनता जग गयी है सो उनके साथ आएगी और चुनाव में शराब के असली घोटालेबाजों को हराएगी और जिन कट्टर ईमानदार लोगों को शराब घोटाले में फंसाया गया है उनके हाथ में जीत का परचम थमाएगी।

उधर देशभक्त रामभक्त सत्ताधारी हर मंच से दहाड़ लगा रहे थे कि जिन लोगों ने शराब घोटाला किया है, भ्रष्टाचार करके घोटाले का घूंट पिया है उन्हें बख्शा नहीं जाएगा, वे चाहे जितना चीख लें, चिल्ला लें, खुद को कितना भी पाक-साफ बता लें, अपनी नजर में अपने आपको कितना भी ईमानदार ठहरा लें, उनके हर भ्रष्टाचार का हिसाब किया जाएगा और हर शराबकांडी को एक-एक कर अंदर किया जाएगा। जनता इनकी असलियत पहचान गयी है, इनकी एक-एक करतूत को जान गयी है इसलिए चुनाव में इनको बुरी तरह हराएगी और इन्हें दिल्ली से बाहर का रास्ता दिखाएगी।

चुनाव सर पर आ गये थे और हर मतदाता के दिल-दिमाग पर छा गये थे। अंधभक्त चाहे इधर के हों या उधर के सबने मन बना लिया था और कैसे अपने-अपने नेताओं के हर अपराध अवगुण को परे खिसकाकर उन्हें वोट करना है यह पहले से ही तय कर लिया था। इस बेला में अगर कोई मुसीबत में था तो वह था झल्लन और झल्लन बिरादरी के वे लोग जो तय नहीं कर पा रहे थे कि आखिर किसकी बात पर भरोसा करें, किसे सही ठहराएं, कैसे अपना निश्चित मन बनाएं और अपना कीमती मत लेकर अंतत: किसके पक्ष में जायें। सो झल्लन एक बार फिर अपनी शंका के समाधान के लिए कट्टर ईमानी नेता की सलाखबंद छवि के निकट आया, आधी श्रद्धा और आधी अश्रद्धा से अपना शीश झुकाया और बोला, 'हे प्रभु, अब वे सारे लोग जिनके खिलाफ आपने भ्रष्टाचार विरोधी जंग चलायी थी यानी जिन्हें गालियां दे-देकर आपने दिल्ली की सत्ता हथियायी थी, आपकी सारी गाली-गरियाहट भुलाकर आपके पक्ष में गोलबंद हो गये हैं, पहले कड़वे नीम थे अब गुलकंद हो गये हैं, कह रहे हैं कि मोदी मंडली चार सौ पार नहीं जा रही चार सौ हार रही है यानी देश में अगली सरकार आप की आ रही है। अब आप बताइए, हम कहीं और जायें या सीधे आपके पास चले आयें?' कट्टर ईमानी नेता बोला, 'वे बिल्कुल सही कह कह रहे हैं, हमीं जीतकर आयेंगे, हमीं अगली सरकार बनाएंगे। सो सब पुराने नियम-सिद्धांत भूलकर हमारे पास आ जाओ हमारी सरकार में शामिल हो जाओ। और हां, निश्चिंत रहो प्रधानमंत्री मुझ जैसे कट्टर ईमानदार को ही बनाया जाएगा, तभी लोकतंत्र बचेगा, तभी संविधान बच पाएगा।' झल्लन बोला, 'प्रधानमंत्री बनने के बाद आप पहले मोदी पंथियों को निपटाएंगे या कांग्रेसियों का पुराना हिसाब चुकाएंगे? कट्टर ईमानी नेता बोला, 'हम जो करेंगे अपनी तरह से ही करेंगे और जितनी ईमानदारी से अब तक जो हो-हल्ला करते रहे हैं उतनी ईमानदारी से प्रधानमंत्री बनने के बाद भी करते रहेंगे।'

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)


रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिंदी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान के लिए जिले में सुविधा केन्द्र स्थापित

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में महासमुंद लोकसभा संसदीय क्षेत्र 9 के तहत आने वाले गरियाबंद जिले में डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। निर्वाचन ड्यूटी पर कार्यरत मतदाताओं तथा अनुपस्थित श्रेणी-अनिवार्य सेवा के मतदाताओं के मतदान के लिए स्थान,तिथि एवं समय निर्धारित किया गया है। इसके तहत शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद में 15 से 17 अप्रैल तक प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर्मी या अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी जो गरियाबंद जिले के मतदाता है, वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गरियाबंद में 15 से 17 अप्रैल तक प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर्मी या अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी जो गरियाबंद जिले के मतदाता है,वे अपने मतदान कर सकेंगे। कार्यालय रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन गरियाबंद में 15 से 17 अप्रैल तक प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक पुलिस, वन एवं नगर सेना के अधिकारी-कर्मचारी मतदान कर सकेंगे। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद में 18 से 25 अप्रैल तक प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर्मी या अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी जो गरियाबंद जिले के मतदाता है, वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं इसी प्रकार अनुपस्थित श्रेणी-अनिवार्य सेवा के मतदाता संयुक्त जिला कार्यालय गरियाबंद पोस्टल वोटिंग सेंटर में 18 से 20 अप्रैल तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकेंगे।

### धूमधाम से मनाया गया संत शिरोमणी गाडगे महाराज की जयंती

**राजनांदगांव।** गांव जंगलेसर में रजक समाज संत शिरोमणी गाडगे महाराज की 147 वीं जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गयी। परिक्षेत्र रजक संघ जंगलेसर सर्वप्रथम संत शिरोमणी गाडगे बाबा ईष्ट देव शंकर भगवान की पूर्जा अर्चना की गई शंकर भगवान तत पश्चात की आरती गायन किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओ द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो गांव शीतला माता से लेकर गाँव की समस्त गलियों से भ्रमण करते हुए सभा स्थल पर पहुंचे। लोगो ने एक दुसरे को जंयती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह पूर्व सांसद राजनांदगाव ने समाज को जयंती कि बधाई दी और कहा कि रजक समाज निर्मल समाज यह समाज कोई भी समाज का हो मरनी छट्टी से लेकर अन्य  कार्य मे जाकर लोगों के घर को पवित्र करने मे अहम भुमिका निभाते है। शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि समाज में शिक्षित होना जरूरी है। आगे समाज को सहयोग देने की बात कही है। अध्यक्षता कर रहे समाज के जिला अध्यक्ष डा. एल आर निर्मलकर ने कहा कि इस परिक्षेत्र के अध्यक्ष कोमल रजक के तबियत खराब होने के कारण हमारे बीच उपस्थित नही  हो पाये । उनके तबियत अतिशीघ्र ठीक हो जाये की मंगल कामना करते हुए आगे संत शिरोमणी गाडगे बाबा की जयंती पर प्रकाश  डालते हुए कहा कि हमे संत गाडगे बाबा के बताये मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर विशेष अतिथि कोमल सिंह राजपुत प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा छ.ग.,अमर ललवानी, जिला सचिव रोहित निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष योगेश निर्मलकर, गन्नूराम निर्मलकर केशरी नंदन निर्मलकर शंकर राजक चोवाराम निर्मलकर नरेश निर्मलकर, बड़ी संख्या में समाजिक बंधु उपस्थित थे।

### नई तकनीकों ने बढ़ाई निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता

# मोबाइल एप्स के जरिए मतदाताओं तक पहुंच रही है निर्वाचन संबंधी हर जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

महासमुंद। निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रियाओं में सहभागिता और सुविधा दोनो बढ़ी है।




#### सी-विजिल एप

इस एप के जरिए आम नागरिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर अपनी शिकायत भेज सकता है। शिकायतकर्ता फोन पर सी-विजिल एप्लीकेशन डाउनलोड कर सीधे घटना की फोटो, वीडियो या आडियो अपलोड कर सकते हैं। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, अनाधिकृत सामग्री परिवहन, प्रचार के समय की समाप्ति के बाद सभा, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप के माध्यम से की जा सकती है।

#### सक्षम मोबाइल एप

इस एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली  समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल  बनाने के लिए डिज़ाइन, ले-आउट, इंटरफ़ेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है। इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफ़ इंटरैक्टिव प्लेटफ़ॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया है। एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप में उपलब्ध  हैं।

#### वोटर हेल्पलाइन एप

वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ईक्कएपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से प्रत्याशी द्वारा नामांकन के दौरान प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप से निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत भी की जा सकती है।

#### वोटर टर्न ऑउट एप

इस मोबाइल एप का उपयोग कर मतदान के दिन आम नागरिक मतदान की जानकारी पल-प्रतिपल देख सकते हैं। इस एप के जरिए नागरिक तीनों ही चरणों में वोटर टर्न ऑउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी द्वारा हर दो घंटे में अपने केन्द्र पर मतदान की अद्यतन जानकारी प्रदान की जाती है।

### विशेष पिछड़ी जनजाति भुंजिया बहुल गांव मौहाभांठा पहुंचे कलेक्टर अग्रवाल

# ग्रामीणों को भुंजिया बोली में दिलाया शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफलतापूर्वक संपादन के लिए जोर शोर से तैयारी की जा रही है। साथ ही लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का शत प्रतिशत उपयोग करने प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार, भुंजिया निवासरत गांवों में  स्वीप कार्यक्रम चलाया गया। इसके तहत मतदाता जागरूकता रंगोली, कलश यात्रा, शपथ ग्रहण, मतदाता सम्मान एवं रैली आदि का आयोजन किया गया।

इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल आज जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति भुंजिया बहुल गांव मौहाभांठा पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए स्थानीय भुंजिया बोली में मतदान का संकल्प दिलाया। पारंपरिक वेशभूषा, वाद्ययंत्रों एवं अस्त्रों के साथ पहुंचे जनजाति सदस्यों ने उत्साह के साथ अपने स्थानीय भुंजिया बोली में मतदान अवश्य करने का शपथ ग्रहण लिया। इस अवसर पर विधानसभा चुनाव में वोट डालने के बाद सेल्फी लिए वरिष्ठ नागरिकों को उनके सेल्फी फोटो को फ्रेम कराकर श्रीफल के साथ भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही इस बार लोकसभा चुनाव में पहली बार वोट डालने वाले नए मतदाताओं को भी उत्साह के साथ वोट डालने के लिए प्रेरित करते हुए सम्मानित किया गया। मौहाभांठा में आयोजित स्वीप कार्यक्रम स्थल में गांव की महिलाओं ने आकर्षक और सुन्दर रंगोली का निर्माण कर शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया।




नवाचार करते हुए स्वीप शब्द को महुआ के फूलों से सजाया गया। साथ ही महुआ फूल से सजाए कलश से भी मतदाता जागरूकता के संदेशयुक्त रंगोली को सजाया गया। इससे पहले कलेक्टर अग्रवाल और जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के कार्यक्रम स्थल पर आगमन होते ही भुंजिया जनजाति सदस्यों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों, अस्त्रों एवं लोकगीत गाकर भव्य स्वागत किया। कलेक्टर अग्रवाल ने भव्य स्वागत के लिए ग्रामीणों का आभार जताया। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत गरियाबंद पदमिनी हरदेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और ग्रामीणजन मौजूद रहे।

भुंजिया जनजाति बहुल गांव मौहाभांठा में आयोजित स्वीप कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व होता है। लोकतंत्र के इस महापर्व में एक एक वोट महत्वपूर्ण होता है। लोकसभा चुनाव अंतर्गत जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदाता सूची में शामिल सभी लोग मतदान करने अवश्य जाएं। अच्छे अभ्यर्थी के चुनाव और अच्छी सरकार बनाने में अपना योगदान जरूर दे। जिससे देश और समाज का विकास होता है। 26 अप्रैल को सबसे पहला काम मतदान करना है, उसके बाद दूसरा काम। कलेक्टर अग्रवाल ने गांव के शत प्रतिशत मतदाताओं से वोट डालकर लोकतंत्र के विकास में अपना योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत यादव ने कहा कि मतदान दिवस में सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करे। साथ ही अपने आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करे। उन्होंने निर्भय के साथ बिना लोभ में आए निष्पक्ष मतदान करने की अपील ग्रामीणों से की।

# नवरात्र पर मंदिरों में लग रही भक्तों की भीड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** शक्ति पूजा का महापर्व नवरात्र मंगलवार से शुरू हो गया है। सर्वमंगला सहित जिले भर के विभिन्न देवी मंदिरों में शुभ लग्न के साथ ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। नवरात्र प्रारंभ होने के साथ मनोकामना ज्योति दर्शन के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शक्ति पूजा का महापर्व वर्ष में दो बार आता है। क्वांर की तुलना में चैत्र के वासंती नवरात्र पर्व की देवी मंदिरों में अपनी एक अलग अलौकिक छटा होती है। जिले में नवरात्र पर्व की तैयारी एक पखवाड़े से जारी थीए वह अब पूर्ण हो चुकी है। शहर के प्रसिद्ध मां सर्वमंगला मंदिर सहित तमाम देवी मंदिरों में हजारों की संख्या में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। मंदिर प्रबंधन की ओर से दर्शनार्थी श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। मंदिर परिसर में अलगणअलग कक्षों में प्रज्ज्वलित होने वाले ज्योति कलश के दर्शन हेतु कलशों के रखरखाव व्यवस्थित किए गए है। मां सर्वमंगला मंदिर के प्रबंधन समिति



के सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं को दर्शन करने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए है। सर्वमंगला मंदिर के अलावा मां भवानी मंदिर में भी इस बार हजारों की संख्या में कांसे की कलश में दीप प्रज्ज्वलित किए गए हैं। यहां रामचरित्र मानस के साथ चंडी यज्ञ की परंपरा रही है। सप्तमी के दिन महा दीपदान का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा चैतुरगढ़ अष्टभुजी मंदिरए कोसगई पहाड़ व मड़वारानी मंदिरों में भी नौ दिन तक चलने वाले अनुष्ठान के अंतर्गत दर्शनार्थियों का रेला लगा रहेगा। शहरी व पर्वतीय क्षेत्रों के अलावा गांवों देवी स्थलों में दीप प्रज्ज्वलन के साथ सेवा व जसगीत की गूंज रहेगी।

# मोदी ने लाया है आम जनता के जीवन मे बदलाव: साव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी ।** लोकसभा चुनाव मे महासमुंद से भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी के चुनाव प्रचार मे धमतरी पहुंचे छग के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आामदी के बाजार चौक मे एक बड़ी जनसभा को अपनी विशिष्ट शैली मे संबोधित किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल मे कैसे आम जनता के जीवन स्तर मे बदलाव आया है ।

आवास, शौचालय, स्वास्थ्य बीमा, किसान सम्मान, युवा उत्थान, महतारी वंदन से लेकर टीकाकरण, उज्ज्वला गैस, गरीब कल्याण अन्न योजना सहित अनेक बड़ी योजनाओं से देश की 140 करोड़ जनता के जीवन मे खुशहाली लाने का काम किया इसीलिये जनता उन्हे लगातार बड़े बहुमत से आशीर्वाद दे रही । मोदी जी गरीब का बेटा है इसलिये गरीब का दुख दर्द समझता है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प दिलाया। लोकसभा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी ने सभी मतदाताओं को प्रणाम कर उनसे आशीर्वाद मांगा । मोदी जी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने के लिये भाजपा को वोट देने की अपील की। प्रदेश महामंत्री रामु रोहरा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए अरुण साव ने एतिहासिक जीत दिलाई आज उनकी उपस्थिति से भाजपा के पक्ष मे वातावरण बना है और प्रत्याशी को इसका फायदा मिलेगा। जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक रंजना साहू, इंदर चोपड़ा, शशि पवार ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से राजीव पाण्डे, योगेश तिवारी, कविंद्र जैन, श्यामा साहू, अरविंदर मुंडी, अविनाश दुबे, चेतन हिंदुजा, बीथिका विश्वास, प्रकाश गोलछा, हेमंत माला, मुरारी यदु, नेहरू निषाद, अर्चना चौबे, सरला जैन, खिलेश्वरी किरण, डेनिस चंद्राकर, हेमलता शर्मा, खुबलाल ध्रुव, दमयंतीन साहू, डिपेंद्र साहू, कालिदास सिन्हा, बालाराम साहू, राजेश गोलछा, विनोद पांडे, कैलाश सोनकर, चंद्रकला पटेल, विजय साहू, अमन राव, कोमल यादव, जितेंद्र पटेल, शिव प्रसाद साहू, असरु राम साहू, हेमनु राम कुंभकार, नीलकंठ साहू, डॉ सुरेश कुंभकार, तेजराम साहू, उमानंद कुंभकार, प्रेम साहू, उमेश साहू, तरुण साहू, किशोर कुंभकार, ज्ञानेश्वर साहू, रीतिका यादव, नम्रता पवार, संगीता जगताप नंदू साहू, राकेश सिन्हा, दीन दयाल साहू, केशव साहू, देवेंद्र साहू, कीर्तन मीनपाल, भेष साहू, राजीव सिन्हा, सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।



# चल संगी मतदान कर आबे गाने का लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता के चल संगी मतदान कर आबे का लोकार्पण किया। यह गौरला-पेंड्रा-मरवाही की शिक्षक श्रीमती मीनाक्षी केशरवानी द्वारा रचित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने अधिकारियों, कर्मचारियों समेत उपस्थित नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री नीलेश क्षीरसागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी श्री संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि रायपुर जिले में मतदाता जागरूकता के बेहतर कार्य किए जा रहे है।

पिछले दिनों रायपुर के कला केंद्र में बच्चों के द्वारा मतदान के महत्व को समझाने बेहतर प्रस्तुति दी गई थी, वह भी सराहानीय थी। इन सब के प्रयासों से निश्चित ही शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा। मुझे बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके प्रयास भी बेहतर तरीके से किए जा रहे है।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर...

## पं. रेवा प्रसाद दुबे व पूर्व पदाधिकारियों को याद कर दी पुष्पांजलि

**रायपुर ( ए. )।** कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल के प्रथम सचिव पं. रेवा प्रसाद दुबे को स्मरण, नमन व पुष्पांजलि कार्यक्रम आशीर्वाद भवन, रायपुर में आयोजित कर समाज के अध्यक्ष, सचिव, पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं परिवार के सदस्यों ने छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, सचिव पं. सुरेश मिश्र, पं. राजन मिश्र, पं. आनंद मिश्र, श्रीमती अर्चना मिश्रा, ने अपने-अपने उद्बोधन के माध्यम से श्री दुबे की जीवनी पर प्रकाश डाला। आज जो यह कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल का आशीर्वाद भवन दिखाई दे रहा है, उनके व पूर्व पदाधिकारियों की देन है। हम सब को उनके कार्यों से प्रेरणा मिलती है। पं. रेवा प्रसाद दुबे जी का जन्म सागर, मध्यप्रदेश में पं. वृंदावन लाल दुबे के यहां हुआ। श्री दुबे अंग्रेजों के शासनकाल में पुलिस की नौकरी कर रहे थे। उनकी मेहनत और ईमानदारी को देखकर पं. रविशंकर शुक्ल ने उन्हें अपने साथ रायपुर ले आए। उनका विवाह भी उन्होंने ही करवाया था। पं. रविशंकर शुक्ल ने कहा कि अंग्रेजो की गुलामी मत करो जिसके बाद दुबे ने पुलिस की नौकरी छोड़ दी। उसके बाद वे पं. रविशंकर शुक्ल का व्यवसाय संभालने लगे। उनकी दो पुत्री कुसुम अवस्थी (वर्तमान कार्यकारिणी सदस्य अर्चना मिश्रा की माता) एवं सुमन उपाध्याय है। सुमन उपाध्याय की पुत्री शालिनी अवस्थी एवं दामाद संजय अवस्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन रज्जन अग्निहोत्री ने किया।

## गंभीर मरीजों का तत्काल इलाज होगा : जिंदल

**रायपुर ( ए. )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स रायपुर में आर्टिफि शियल इंटेलीजेंस की मदद से अब गंभीर मरीजों का तत्काल इलाज हो सकेगा। इसके लिए आईआईटी भिलाई द्वारा एम्स के लिए हाइब्रिड डिजिटल हेल्थ केयर टेक्नोलॉजी प्लेटफ ॉर्म 'स्मार्ट-ईआर' विकसित किया जा रहा है। ट्रामा और इमरजेंसी में पहला चरण सफल होने के बाद इसे एम्स के अन्य विभागों में लागू किया जाएगा। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश और डीन रिसर्च प्रोफेसर संतोष विश्वास ने एम्स के डॉक्टरों के समक्ष इस प्लेटफ ॉर्म के प्रमुख बिंदुओं को प्रस्तुत किया। यह प्लेटफॉर्म मरीजों का तत्काल डायग्नोसिस कर उपचार प्रोटोकॉल और उपचार के विभिन्न माध्यमों पर सुझाव देगा। इस डेटा के आधार पर डॉक्टरों को निर्णय लेने में आसानी हो सकेगी। एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने आईआईटी के साथ की गई इस पहल को मरीजों के उपचार में महत्वपूर्ण बताया है।

## सीईओ ने मतदाता जागरूकता के हेलमेट स्टीकर का किया विमोचन

**रायपुर ( ए. )।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कलेक्टोरेट



परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में बुधवार को हेलमेट स्टीकर का विमोचन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश क्षीरसागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के अभिनव कार्य किए जा रहे है। इसी कड़ी में दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक नागरिक मतदान का हिस्सा बने। कलेक्टर ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए अधिकारी व कर्मचारी के हेलमेट में स्टीकर लगायेंगे। जिसे लोग मतदान के प्रति जागरूक होंगे।

बच्चों के माता-पिता भी कर सकते हैं कांउसलर से बातचीत

# रिजल्ट को लेकर टेंशन है तो हेल्पलाइन नंबर पर कांउसलर करेंगे सहयता

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा खत्म हो गई है, और परीक्षार्थियों को अब रिजल्ट का इंतजार है। वहीं कुछ स्टूडेंट्स को परिणाम कैसा होगा, हम पास होंगे या फेल, इस बात का टेंशन है। इन सब के बीच टेंशन को दूर करने के लिए छात्र-छात्राएं बोर्ड कांउसलर की सहायता ले सकते हैं। अगर आप में से किसी को भी मदद की जरूरत है तो छत्तीसगढ़ बोर्ड की तरफ से रिजल्ट के एक हफ्ते पहले हेल्पलाइन नंबर दिया जाएगा।



हेल्पलाइन नंबर के जरिए कांउसलर स्टूडेंट्स की परेशानियों को सुनकर उसका निवारण निकालेंगे। इसके अलावा बच्चों के माता-पिता भी कांउसलर से बातचीत कर सकते हैं। अगर कोई बात बच्चों को नहीं समझ आई तो उनके परिजनों को बताया जाएगा।

आपको बता दें, इसी हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से बोर्ड एग्जान देने वाले छात्र अपनी समस्या के लिए बातचीत कर सकते हैं। किसी भी विषय में सवाल करने पर विशेणज्ञ, मनोचिकित्सक और कुछ अधिकारी छात्रों की मदद करेंगे। इतना ही नहीं वे परीक्षार्थियों को तनाव से दूर रहने की सलाह भी देने वाले हैं। हेल्पलाइन नंबर जारी करने की तैयारी चल रही है और जल्द इसे छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट cgbse.nic.in पर डाल दिया जाएगा।

### कितने छात्रों ने परीक्षा दी है

बता दें कि 10वीं बोर्ड की परीक्षा 21 मार्च और 12वीं की परीक्षा 23 मार्च तक आयोजित हुई थी। इस बार 10वीं में 3 लाख 45 हजार और 12वीं के 2 लाख 61 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रदेश में 180 अति संवेदनशील केंद्र बनाए गए थे, कुल 2,475 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा हुई थी।

### रिजल्ट का तनाव न लें छात्र

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव पुष्पा साहू ने बताया कि बच्चों को परीक्षा परिणाम के बारे में सोचकर घबराने की जरूरत नहीं है। जब तक रिजल्ट नहीं आता है, उसके बारे में सोचकर तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है।

### कुल 36 सेंटर में हो रहा मूल्यांकन

माध्यमिक शिक्षा मंडल हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल की एग्जाम प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच जारी है। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में कुल 36 सेंटर बनाए गए हैं।

# मतदाताओं को जागरूक करने निकली बाइक रैली स्वीप एक्सप्रेस

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी, किया रैली का नेतृत्व

**रायपुर ( ए )।** लोकसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में रायपुर जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बुधवार दोपहर बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने हरी झण्डी दिखाई। इसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश क्षीरसागर एसएसपी संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप शामिल हुए। साथ ही स्वीप एक्सप्रेस भी निकाली गई जिसका फीता काटकर श्रीमती कंगाले ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रायपुर जिला प्रशासन द्वारा जो बाइक रैली के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने की जो अपील की जा रही है, वह सराहनीय हैं।

कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि ऐसी रैली का और इस समय आयोजन करने का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करना हैं । 7 मई को रायपुर लोकसभा मतदान का दिन है। इस दिन सभी मतदाता अपने घरों से निकले और धूप, गर्मी की परवाह ना करते हुए बूथों में जाकर मतदान करें। यह दिन पांच साल में एक बार आता है। अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करें।

बाइक रैली कलेक्ट्रेट परिसर से आकाशवाणी चौक होते हुए व्हाइट हाउस, श्याम टॉकीज, लिली




चौक, पुरानी बस्ती विवेकानन्द आश्रम, एनआईटी कैम्पस, नालन्दा परिसर में समाप्त हुई। रैली का नेतृत्व श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने किया। श्रीमती कंगाले स्वंय हेलमेट पहने हुए ई-स्कूटर आई क्यूब पर सवार थी, जिसमें चुनाव का पर्व, देश का पर्व की तख्ती लगी हुई थी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह हेलमेट पहने हुए बुलेट पर सवार थे उनके पीछे नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा बैठे थे। नालंदा परिसर में समाप्त होने के पश्चात् छोटा कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें एआईजी संजय शर्मा और उनकी टीम के द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित जुम्बा प्रस्तुत किया गया। साथ ही तेजराम साहू ने लोक नृत्य प्रस्तुत करते हुए मतदाताओं से वोट डालने की अपील की। इस अवसर पर श्रीमती कंगाले ने मतदान करने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर जुम्बा एवं लोक कलापथक दल के कलाकारों को स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित पुस्तकें भेंट की गई।

गौरतलब है कि स्वीप एक्सप्रेस के चारो तरफ मतदाता जागरूकता से जुड़े पोस्टर और फोटोग्राफ्स लगे हुए थे, इसमें लोक कलाकार सवार थे। रैली में महिलाएं और पुरूष छत्तीसगढ़ी वेश-भूषा धारण किए हुए थे। बाइक रैली में अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए जो मतदाता जागरूकता से जुड़ी हुई तख्तियां लिए हुए थे। इनमें हमारी जिम्मेदारी, मतदान करेंगे बारी-बारी, आगे-आगे लोकतंत्र के तिहार, वोट देवव बनव जिम्मेदार, दाई, भाई, दीदी जम्मो संगवारी, मतदान करना हमर जिम्मेवारी इत्यादि नारे लिखे हुए थे। यहीं नहीं कलेक्टर सहित अन्य बाइक सवारों के हेलमेट पर वोट फॉर बेटर इंडिया, चुनाव का पर्व, देश का पर्व का स्टीकर चिपका हुआ था।

## बृजमोहन अग्रवाल ने जनता से मांगे सुझाव, जारी किया मोबाइल नंबर

**रायपुर ( ए. )।** शिक्षा संस्कृति मंत्री व रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने जनता से सतत संवाद बनाए रखने के लिए एक अभिनव प्रयोग किया है। उन्होंने एक मोबाइल नंबर जारी कर उसमे रायपुर लोकसभा क्षेत्र की तरक्की और समृद्धि के लिए जनता से सुझाव मांगे हैं।



गौरतलब है कि बृजमोहन अग्रवाल को एक विकासपरक सोच और जनभावनाओं की समझ रखने वाला राजनेता माना जाता है। यही वजह है कि पिछले 35 सालों से लगातार 8 बार विधायक बन विधानसभा पहुंच रहे है और राज्य की तरक्की में अपना अमूल्य योगदान सुनिश्चित कर रहे हैं। भाजपा सरकार में भी पांच बार मंत्री भी रहे हैं। उन्हें जब भी जो विभाग की जिम्मेदारी मिलती है वे बखूबी निभाते हैं और अपनी छाप छोड़ जाते हैं। इस बार भाजपा संगठन ने उन्हें रायपुर लोकसभा से अपना प्रत्याशी बनाया है।

यहा भी बृजमोहन अग्रवाल पूरी तत्परता के साथ प्रचार में जुटे ही हैं साथ ही क्षेत्र की तरक्की के लिए अभी से योजना बनाने वे जुट गए हैं। उन्होंने एक मोबाइल नंबर जारी करते हुए जनता से सीधे सुझाव मांगे है। इस संबंध में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि समस्याओं का समाधान और जनभावनाओं के अनुरूप तरक्की तभी होगी जब हम जिम्मेदार जनप्रतिनिधि सीधा संवाद जनता से करेंगे। इसी सोच के साथ मैंने यह मोबाइल नंबर 92 38 72 72 00 क्षेत्र की जनता के साथ साझा किया है। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय जनता पार्टी का मकसद समाज के अंतिम छोर पर खड़े अंतिम व्यक्ति की जीवन में खुशहाली लाना है। उसके लिए हम हर संभव प्रयास करते हैं। समृद्धि की राह पर रायपुर लोकसभा और ज्यादा तेज गति से आगे बढ़े इसके लिए जनता से संवाद करके उनके मन मुताबिक कार्य करने में जनता के साथ होने वाला संवाद सहायक सिद्ध होगा और रायपुर की आवाज दिल्ली तक आसानी से पहुंच सकेगी।

## जैन दादाबाड़ी में स्वास्थ्य जागरूकता व सीपीआर प्रशिक्षण शिविर 14 को

**रायपुर ( ए. )।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 2024 पर एमजी रोड स्थित जिन कुशल सुरि जैन दादाबाड़ी में 14 अप्रैल को दोपहर 3 से 5 बजे प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता व सीपीआर प्रशिक्षण शिविर आयोजित है। शिविर का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं एम्स रायपुर व जैन सोशल ग्रुप (सेंट्रल) की ओर से किया गया है।

जैन सोशल ग्रुप (सेंट्रल) के सचिव पंकज कांकरिया ने बताया कि शिविर में कोर्स डायरेक्टर डॉ. महेश सिन्हा और कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. अनिल जैन होंगे। शिविर में शहर के अनुभवी व प्रसिद्ध डॉक्टर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्टर, कान, नाक, गला विशेषज्ञ डॉ. राकेश गुप्ता, न्यूरोफिजिशियन डॉ. संजय शर्मा, जनरल सर्जन डॉ. सुभाष अग्रवाल, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. शम्भूनाथ बनर्जी, इंटेंसिविस्ट डॉ. सुधीर टिचकुले, रायपुर एम्स के डीन डॉ. आलोक अग्रवाल, जनरल फिजिशियन डॉ. विकास अग्रवाल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मित श्रीवास्तव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्रा, एम्स के डॉ. जयश्री घाटे, इंटेंसिविस्ट डॉ. ज्योतिर्मय चंद्राकर, इंटेंसिविस्ट डॉ. विवेक गोयल, इंटेंसिविस्ट डॉ. अभिनव गोयल, इंटेंसिविस्ट डॉ. सुनील जैन, इंटेंसिविस्ट डॉ. अनीश गोलछा प्रशिक्षण एवं जानकारी देंगे। शिविर के विषय में अधिक जानकारी के लिए डॉ. अनिल जैन, डॉ. सुशील जैन, जेएसजी अध्यक्ष निलेश बोथरा एवं सचिव पंकज कांकरिया से 9229301500 पर संपर्क किया जा सकता है।

शिविर में दुर्घटना या स्वास्थ्य संबंधी किसी आपातकालीन स्थिति में डॉक्टर या एम्बुलेंस के पहुंचने के पहले या हॉस्पिटल पहुंचने तक दिए जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा तथा जरूरी सावधानियों के बारे में बताया जाएगा, ताकि मरीज की स्थिति और ना बिगड़े। ऐसा इसलिए क्योंकि ज्यादातर परिस्थितियों में देखा गया है कि हॉस्पिटल पहुंचने तक का समय कभी-कभी मरीज की जान बचाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण एवं निर्णायक होता है। शिविर में अचानक सांस व हृदय गति रुक जाने पर सीपीआर हार्ट को पम्प करने व कृत्रिम सांस देने का पुतले पर प्रशिक्षण एक्सपर्ट के मार्गदर्शन में दिया जाएगा। बच्चों को घर में किसी प्रकार की परेशानी होने पर क्या सावधानी रखनी चाहिए, वैक्सिनेशन और अभिभावक के कर्तव्यों के बारे में बताया जाएगा।

रायपुर को स्वस्थ और स्वच्छ स्मार्ट सिटी बनाने की अपील

# दुकानों में नहीं मिला डस्टबिन, वसूला जुर्माना

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिँह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में स्वच्छता अभियान निरन्तर चलाया जा रहा है।

कचरा एवं गंदगी फैलाने एवं दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने वाले दुकानदारों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देकर उनसे जुर्माना वसूला जा रहा है। उनसे दुकान में डस्टबिन रखने एवं सूखा एवं गीला कचरा पृथक करके सफाई मित्र को सफाई वाहन में नियमित देकर राजधानी शहर रायपुर को स्वस्थ और स्वच्छ स्मार्ट सिटी बनाने सहभागिता दर्ज करवाने अपील निरन्तर की जा रही है। इस क्रम में नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा बाजारों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नगर पालिक निगम जोन नम्बर 9 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महिला स्वसहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं के सहयोग से जोन नम्बर 9 के तहत आने वाले क्षेत्र अनुपम नगर, जोरा के बाजार में गंदगी फैलाने, डस्टबिन नहीं पाए जाने पर सम्बंधित 9 दुकानों से कुल 800 रुपये का जुर्माना सम्बंधित दुकानदारों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए जोन 9



जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू के नेतृत्व में वसूला गया।

नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के जोन स्वास्थ्य अधिकारियों ने बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों को डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने एवं स्वच्छता बनाये रखकर दुकान का सूखा एवं गीला कचरा पृथक-पृथक डस्टबिन में रखकर सफाई मित्र को नियमित देकर राजधानी शहर को स्वच्छ स्मार्ट सिटी बनाने सहभागिता दर्ज करवाने अपील करके समझाईश सभी जोन कमिश्नरों के नेतृत्व में दी। अन्यथा की स्थिति में अभियान लगातार चलाकर दुकानों में गंदगी मिलने, डस्टबिन नहीं पाए जाने की स्थिति में सम्बंधित दुकानदारों पर जुर्माना करने की चेतावनी दी गयी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# जान्हवी ने शिखर के साथ रिश्ता किया कंफर्म

## गले के हार की वजह से चर्चा में आईं अभिनेत्री

**जान्हवी कपूर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की उभरती हुई अदाकारा हैं। अपने अभिनय और खूबसूरती से वे लाखों दिलों पर राज करती हैं। पिछले कुछ समय से वे अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वे शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं।**

इन खबरों के बीच अब अभिनेत्री ने आखिरकार अपने रिश्ते पर मुहर लगा दी है। मुंबई में अपने पिता बोनी कपूर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी 'मैदान' की स्क्रीनिंग पर वे अपने बॉयफ्रेंड के उपनाम का एक कस्टम हार पहने हुए नजर आईं। उनके हार में शिखू लिखा हुआ था, जिसने वहां मौजूद सभी का ध्यान आकर्षित किया। इवेंट में सफेद पैंटसूट और मैचिंग हील्स में जान्हवी ने रेड कार्पेट पर बला की खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने स्क्रीनिंग से पहले अपने पिता बोनी कपूर और भाई अर्जुन कपूर के साथ तस्वीर भी खिंचवाई।

काफी समय से जान्हवी और शिखर की डेटिंग की खबरें सामने आती रही हैं। इस साल की शुरुआत में 'कॉफी विद करण' शो में भी जान्हवी ने शिखर पहाड़िया संग अपनी नजदीकियों की ओर इशारा किया था। उन्होंने बताया था कि उनकी स्पीड-डायल सूची में शीर्ष संपर्कों में से शिखर का भी नाम है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो फिल्म बवाल के बाद जान्हवी राजकुमार राव के साथ 'मिस्टर एंड मिसेज माही' नाम की फिल्म में नजर आने वाली हैं। फिल्म में वे एक महिला क्रिकेटर की भूमिका में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के लिए उन्होंने मशहूर क्रिकेटर दिनेश कार्तिक से प्रशिक्षण भी लिया है। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

वहीं, बोनी कपूर निर्मित फिल्म मैदान 11 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। फिल्म में अजय देवगन मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में वे फुटबॉल कोच के किरदार में हैं। इस फिल्म का मुकाबला अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से है।



# विद्या बालन की फिल्म का गाना तू है कहां हुआ रिलीज



विद्या बालन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी पहली बार सेंथिल राममूर्ति के साथ बनी है।

इलियाना डिक्रूज और प्रतीक गांधी भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इससे पहले अब निर्माताओं ने दो और दो प्यार का नया गाना तू है कहां जारी कर दिया है, जिसे लकी अली ने अपनी आवाज दी है।

दो और दो प्यार का निर्देशन शीर्षा गुहा ठाकुरता ने किया है। समीर नायर, दीपक सहगल, तनुज गर्ग, अतुल कस्बेकर और स्वाति अय्यर चावला इस फिल्म के निर्माता हैं। सुप्रोतिम सेनगुप्ता अमृता बागची और ईशा चोपड़ा ने मिलकर इस फिल्म की कहानी लिखी है। बॉक्स ऑफिस पर दो और दो प्यार का सामना फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही से होना वाला है। बता दें कि दो और दो प्यार अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। पहले यह मूवी 29 मार्च को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट बदल दी। अब यह मूवी 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

# जबदस्त एक्शन करते नजर आए लक्ष्य लालवानी

## करण जौहर की किल का टीजर जारी

बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर काफी लंबे समय से अपनी मोस्ट अवेटेड एक्शन, थ्रिलर और ड्रामा फिल्म किल को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जिसका हाल ही में दमदार टीजर जारी हो गया है, जिसको खूब पसंद किया जा रहा है। टीजर में काफी शानदार और एक्शन से भरपूर नजर आ रहा है। वहीं, इस टीजर से सामने आने के बाद फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट खूब बढ़ गई है।

निखिल नागेश भट्ट द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण करण जौहर, अचिन जैन और ऑस्कर विजेता निर्देशक गुनीत मोंगा कपूर ने किया है। ये फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वहीं, अब टीजर रिलीज के बाद फैंस फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह और ज्यादा बढ़ा दिया है। टीजर के बाद फैंस अब फिल्म के ट्रेलर रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। जारी हुए टीजर में लक्ष्य जबरदस्त एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं।

लक्ष्य लालवानी के लिए ये फिल्म काफी खास होने वाली हैं, जिसमें एक्टर मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। लक्ष्य इस फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू देने जा रहे हैं। जारी किए गए टीजर में सभी स्टार्स एक चलती हुई ट्रेन में नजर आ रहे हैं, जिसकी शुरुआत में एक आवाज आती है और कहती है, नमस्कार! कृपया यात्रा के लिए तैयार रहें। आपकी यात्रा सुरक्षित और मंगलमय रहे। इसके बाद चलती ट्रेन में कुछ गुंडे नजर आते हैं जो यात्रियों के साथ लूटपाट करते नजर आते हैं और इसी के बाद लक्ष्य लालवानी एक्शन मोड में नजर आते हैं। इतना ही नहीं, फिल्म के टीजर में राघव जुयाल की भी हल्की सी झलक देखने को मिलती है, जिससे ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि वो फिल्म में नेगेटिव किरदार में नजर आने वाले हैं। टीजर को फैंस का बेहद प्यार मिल रहा है। वहीं, इस टीजर को शेयर करते हुए करण जौहर कैप्शन में लिखते हैं, एक रात, एक ट्रेन, एक कारण किल पेश है। किल टीजर, जिसमें लक्ष्य, राघव जुयाल और तान्या मानिकतला ने अभिनय किया है। निर्देशन संचालन निखिल नागेश भट्ट ने किया। फिल्म 5 जुलाई को आएगी। चेतावनी: इस फिल्म में हिंसक सामग्री है जो कुछ दर्शकों के लिए तीव्र और परेशान करने वाली हो सकती है। दर्शक विवेक की सलाह दी जाती है।



# विक्की के साथ काम करना एक अद्भुत अनुभव: अंकिता लोखंडे



अंकिता लोखंडे और विक्की जैन के पहले म्यूजिक वीडियो ला पिला दे शराब को दर्शक पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि अपने पति के साथ काम करना एक अद्भुत अनुभव रहा। अंकिता लोखंडे और विक्की जैन को मुंबई में रोहित वर्मा के नए कलेक्शन इंद्रधनुष की शूटिंग करते देखा गया। अंकिता ने रोहित के साथ काम करने, विक्की के साथ एक गाना करने और वीर सावरकर में अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की। ला पिला दे शराब की शूटिंग के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए अंकिता ने कहा, मुझे लगता है कि विशाल ने गाना बहुत अच्छा गाया है। उनकी आवाज अद्भुत है। सौरभ एक शानदार अभिनेता हैं, उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हमें टी-सीरीज के साथ काम कर बहुत मजा आया। गाने की शूटिंग का अनुभव अद्भुत था। अपने पति के साथ काम करना हमेशा अलग और अनोखा होता है।

वीर सावरकर में अपनी भूमिका के लिए मिल रही सराहना के बारे में अंकिता ने कहा, एक कलाकार सिल्वर स्क्रीन तक पहुंचने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत करता है, मैंने टेलीविजन से अपनी यात्रा शुरू की और अब खुद को बड़े पर्दे पर देखने और इतनी सराहना पाने के लिए, मैं आभारी हूं। उन्होंने आगे कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मैं आज जो कुछ भी हूं अपने दर्शकों और मीडिया की वजह से हूं। उन्होंने हमेशा बिना शर्त मेरा समर्थन किया है। मैंने 16 साल से लेकर 60 साल तक की जीवन यात्रा को चित्रित करने वाला एक किरदार निभाया है। एक कलाकार के तौर पर मैं बहुत खुश थी कि मुझे वह किरदार निभाने का मौका मिला। बहुत से कलाकारों को इस तरह की भूमिका निभाने का मौका नहीं मिलता। मैंने इस भूमिका को पूरे समर्पण के साथ निभाया है। रोहित वर्मा के नए प्रोजेक्ट इंद्रधनुष के बारे में बात करते हुए पवित्र रिश्ता की एक्ट्रेस ने कहा, मैं रोहित को वर्षों से जानती हूं। उनके सभी प्रोजेक्ट में हमेशा एक संदेश होता है। जब रोहित ने इसके बारे में हमसे बात की तो मैं बहुत उत्साहित थी। रोहित इसके जरिए लैंगिक समानता का संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। विक्की और मैं एक ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना चाहते थे जो दर्शकों के बीच जागरूकता फैलाए। इसलिए हम इसका हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं।

# जूनियर एनटीआर को मिला करण का साथ, 'देवरा' को 'बाहुबली 2' जैसी सक्सेस!


'देवरा' के अनाउंसमेंट वीडियो में ही जूनियर एनटीआर की अपनी आवाज और दमदार अंदाज देखने मिला। इससे फैन्स को भरोसा हो गया कि हिंदी में भी यह फिल्म जबरदस्त होगी। अब इस भरोसे को पक्का करने वाला एक और फैक्टर फिल्म के साथ आ गया है। आरआरआर स्टार जूनियर एनटीआर ने जब से अपनी नई फिल्म 'देवरा' अनाउंस की है, तभी से फैन्स इसके नए अपडेट के लिए नजरें गड़ाए बैठे रहते हैं। उनके फैन्स सिर्फ साउथ में ही नहीं बल्कि हिंदी भाषी इलाकों में भी बहुत ज्यादा हैं। जूनियर एनटीआर के ऐसे पक्के वाले फैन्स के लिए अब एक बहुत बड़ी खबर आ रही है। पहले ही ग्रैंड स्केल का प्रोजेक्ट कही जा रही, जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' अब हिंदी में और भी तगड़ी होने वाली है। बता दें, 'देवरा' वैसे एनटीआर की अपनी इंडस्ट्री, तेलगू में बनी है और इसे कोरताला शिवा ने डायरेक्ट किया है। मगर इसे पैन इंडिया, कई भाषाओं में रिलीज किया जाना है।

### 'देवरा' के साथ आए करण

जूनियर एनटीआर के इस भौकाली प्रोजेक्ट को अब, हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े नामों में से एक करण जौहर का साथ मिल गया है। बुधवार को करण ने सोशल मीडिया पर अनाउंस किया कि उनकी कंपनी, धर्मा प्रोडक्शन्स 'देवरा' के हिंदी वर्जन को डिस्ट्रीब्यूट करने जा रही है। इंस्टाग्राम पर जूनियर एनटीआर के साथ करण ने एक फोटो भी शेयर किया। धर्मा मूवीज ने अपने ऑफिशियल हैंडल से पोस्ट करते हुए लिखा, 'चक्रवात के लिए तैयार हो जाइए। हमें इंडियन सिनेमा के अगले बड़े सिनेमेटिक एक्सपीरियंस के लिए, उत्तर भारत के थिएट्रिकल डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स की पार्टनरशिप अनाउंस करते हुए प्राउड फील हो रहा है। जनता के हीरो, जूनियर एनटीआर की 'देवरा' 10 अक्टूबर से थिएटर्स में।'

### 'देवरा' को मिलेगी 'बाहुबली 2' जैसी सक्सेस

पैन इंडिया फिल्मों का ट्रेंड शुरू करने वाली, एस.एस। राजामौली की 'बाहुबली' फ्रैंचाइजी की कामयाबी में करण जौहर का बड़ा हाथ है। करण की कंपनी ने ही राजामौली की फिल्म का हिंदी वर्जन उत्तर भारत में डिस्ट्रीब्यूट किया था। जहां 'बाहुबली' ने राजामौली को हिंदी में बड़ी कामयाबी दिलाई थी वहीं 'बाहुबली 2' सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए, हिंदी भाषा की सबसे कामयाब फिल्म बन गई थी। 'बाहुबली 2' ने सिर्फ हिंदी वर्जन में 510 करोड़ रुपये से ज्यादा नेट कलेक्शन किया था। ऐसे में करण जौहर का 'देवरा' के साथ खड़ा होना एक बहुत बड़ा मूव है। एक तो हिंदी फिल्म मार्किट को करण से ज्यादा समझने वाला शायद ही कोई हो। ऊपर से करण मार्केटिंग जीनियस हैं और उन्हीं प्रोजेक्ट्स में हाथ डालते हैं जिनमें कुछ दम होता है। यानी फैन्स के लिए एक्साइटिंग बात ये है कि 'देवरा' हिंदी में भी कमाल करने वाली है। ये कमाल किस लेवल का होगा, ये तो 10 अक्टूबर को फिल्म की रिलीज के साथ पता चल ही जाएगा



## तापमान संतुलित रखने के लिए होती है अधिक ऊर्जा की जरूरत

# मौसमी बुखार से सुरक्षित रहने के लिए अपनाएं ये टिप्स

सर्दियों से गर्मियां आने पर मौसमी बुखार का खतरा काफी बढ़ जाता है क्योंकि गर्मी और आर्द्रता में तेजी से वायरस हमला करते हैं। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों पर पड़ता है। हालांकि, अगर हम सफाई का ध्यान रखें तो इन वायरस के हमलों से सुरक्षित रह सकते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी असरदार टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप मौसमी संक्रमण से बचे रह सकते हैं।

### मौसमी बुखार से जुड़े लक्षण

बुखार, बहती नाक, गले में खराश, ठंड लगना और शारीरिक दर्द होना सबसे आम लक्षण हैं, जो आम मौसमी बुखार के कारण हो सकते हैं। कुछ लोगों को इसके कारण कमजोरी और चक्कर आने जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है क्योंकि संक्रमण के दौरान शरीर को रोजाना के कार्य करने और तापमान संतुलित रखने के लिए अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है। इस दौरान होने वाला तेज बुखार किसी गंभीर स्थिति का संकेत दे सकता है।

### हाथों को साफ रखें

मौसमी बुखार और बीमारियों से बचे रहने के सबसे आसान और प्रभावी तरीकों में से एक है कि अपने हाथों को एकदम साफ रखें। किसी भी तरह की चीज को छूने के बाद, खाने से पहले और शौचालय का उपयोग करने के बाद अपने हाथों को एंटी बैक्टीरियल साबुन से साफ करें। खासतौर से अगर आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो अपने पास एंटी-बैक्टीरियल वाइप्स रखें और उससे अपने हाथों को साफ रखें।



### अपने आस-पास की सफाई है बेहद जरूरी

गंदी वायरस के विकास को बढ़ावा देती है, इसलिए अपने आस-पास सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। ऐसे क्षेत्रों से दूर रहें जहां पानी जमा हो और वायरस से छुटकारा पाने के लिए चादर, तकिए और उनके कवर को हर हफ्ते गर्म पानी से धोएं। साथ ही रोजाना अपने घर को एंटी-बैक्टीरियल सॉल्यूशन से साफ करें और कालीन या फिर रग्स को सप्ताह में कम से कम 2 बार वैक्यूम से साफ करें।

### साफ पानी और भोजन का करें सेवन

संक्रमण और बीमारियों से सुरक्षित रहने के लिए साफ पानी और स्वच्छ भोजन का सेवन करें।साफ पानी के लिए फिल्टर, आरओ सिस्टम और अन्य जल शोधन उपकरणों की नियमित रूप से मरम्मत और रखरखाव करवाएं। इसके अतिरिक्त रोजाना 8 से 10 गिलास पानी का सेवन जरूर करें। वहीं भोजन के लिए फल और सब्जियों के इस्तेमाल से पहले धोएं। साथ ही हमेशा साफ बर्तनों में खाना परोसें।

### मौसमी संक्रमण होने पर और क्या करें?

अगर आप पहले से ही मौसमी बुखार का सामना कर रहे हैं तो डॉक्टर से परामर्श करना सबसे अच्छा है।हालांकि, आप घरेलू नुस्खे के रूप में गर्म पानी पीना और फल खाना शुरू कर सकते हैं। जिंक और विटामिन-सी, विटामिन-डी और विटामिन-ए जैसे पोषक तत्वों से युक्त पौष्टिक भोजन करें।समय-समय पर अपने शरीर के तापमान की जांच करते रहें और दूसरों से दूरी बनाए रखने समेत पर्याप्त आराम करें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बैंक अधिकारियों की बैठक संपन्न

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू ने जिले के सभी बैंक अधिकारियों के साथ कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक लिया। बैठक में मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी ने बताया कि 12 अप्रैल से लोकसभा चुनाव का नामांकन शुरू किया जाएगा। इस दौरान अभ्यर्थी का चुनाव का व्यय के रिकार्ड के लिए नया खाता खोलना है, जिसमें उसका अकेला व्यक्ति का खाता होना चाहिए। संयुक्त खाता नहीं होना चाहिए। बैंक अधिकारियों को किसी संदिग्ध खाता से किसी व्यक्ति या असंख्य खाता में राशि हस्तांतरण होता है तो संबंधित बैंक अधिकारी इसकी जानकारी व्यय अधिकारी और जिला निर्वाचन कार्यालय को अवगत कराएंगे। लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय के किसी भी मद में किसी भी व्यक्ति या इकाई को दस हजार रूपये से अधिक का भुगतान नकद में नहीं कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार उम्मीदवार को अपने निर्वाचन व्यय के किसी मद पर दस हजार से अधिक की राशि का भुगतान रेखांकित या एकाउंट पेई चेक, ड्राफ्ट अथवा आरटीजीएस या एनईएफ्टी के माध्यम से ही करना होगा। उम्मीदवारों अथवा राजनैतिक दलों द्वारा दस हजार रूपये से अधिक की राशि नगद के रूप में न तो खर्च की जा सकती है और न ही किसी से चंदे के रूप में ली जा सकती है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक निर्वाचन व्यय के रूप में दस हजार रूपये तक राशि का भुगतान भी उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन व्यय के प्रयोजन से पृथक से खोले गये बैंक खाते से आहरित कर ही किया जा सकेगा।

### मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने दीपदान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**राजनांदगांव।** लोकतंत्र के महापर्व में छुरिया विकासखंड के ग्राम देवरी में शिवनाथ नदी तट पर स्थित मोक्षधाम सांकरदहरा में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदान में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए स्वीप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी उत्साह एवं खुशी के साथ शामिल हुए। मोक्षााम सांकरदहरा का तट दीपों की श्रृंखला से जगमगा उठा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन अन्तर्गत मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में गांव-गांव में स्वीप कार्यक्रम के तहत बिहान स्वसहायता समूह की महिलाएं अपने-अपने ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन स्तर पर ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक कर रही है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत मंदिर परिसर में रंगोली, मानव श्रृंखला एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के ग्रामीण उत्साह के साथ शामिल हुए और शत प्रतिशत मतदान की शपथ भी ली। जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने और शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य का हासिल करने स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ नारायण बंजारा, डीईओ व एसडीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, बिहान महिला स्वसहायता समूह की सदस्य, आसपास के ग्राम पंचायत के सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में बढ़ाया 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान : सीएम विष्णुदेव साय

मंडला (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के मंडला स्थित सलवाह, बम्हनी एवं गोपालपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आमसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के संदर्भ में कहा कि उन्होंने जब केंद्र में राज्यमंत्री के रूप में काम किया तब कुलस्ते जी मंत्री थे ।तब कुलस्ते जी ने संसद में कहा था कि यह सरकार गांव के लिए समर्पित सरकार रहेगी। आप लोगों ने देखा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी काम कर रहे हैं ।



श्री साय ने कहा कि पहले 5 साल में मोदी जी ने गरीबों के लिए काम किया द्य गरीबों को पक्का मकान देने का काम, गरीबों के घर में बिजली पहुंचाने का काम, गरीबों का खाता खोलने का काम किया । पहले हर गरीब का खुद का बैंक खाता भी नहीं होता था और इससे सरकारी पैसा सीधे उन तक पहुंचता भी नहीं था । कांग्रेस के जमाने में तो बहुत पैसा लीकेज हो जाता था । कांग्रेस के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्वयं स्वीकार करते हुए कहा था कि हम 1 रु दिल्ली से भेजते हैं , तो जनता तक पहुंचते-पहुंचते 15 पैसा हो जाता है, 85 पैसे का लीकेज हो जाता हैद्य इसीलिए हमारे माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा सबका जन-धन खाता खुलवाया गया, ताकि शत-प्रतिशत पैसा जनता तक पहुंचे ।

उन्होंने कहा कि हमारी माताओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से गैस सिलेंडर देने का काम किया, आज इसका नाम सभी जानते हैंद्य पहला 5 साल गरीबों का खूब काम हुआ और जब दूसरा लोकसभा चुनाव आया, तब जनता ने उनको खूब आशीर्वाद दिया । पहला 5 साल उन्होंने जनता का विश्वास बटोरा और दूसरे कार्यकाल में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने बड़े - बड़े निर्णय लिए।

श्री साय ने कहा कि जनसंघ के समय हम लोग राम मंदिर के लिए नारा लगाते थे, जम्मू -कश्मीर से धारा 370 हटाने कि बात करते थे, मुस्लिम महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ट्रिपल तलाक हटाने की बात करते थे, तो ये सब काम पूरा करने बड़े निर्णय दूसरे कार्यकाल में आदरणीय मोदीजी ने लिया । 500 वर्षों के संघर्ष एवं लाखों हिंदुओं की कुर्बानी के बाद हमारे देश के सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर बनाने का निर्णय दिया, पर इसे लागू कराने का काम हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने किया द्य आज भगवान राम भव्य मंदिर में विराज रहे हैंद्य हमारे विरोधी लोग बोलते थे कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हट ही नहीं सकता, खून की नदियां बह जायेंगी, पर आपने देखा कि हमारे प्रधानमंत्री जी के सूझ-बूझ के कारण धारा 370 शांतिपूर्वक हट गया। इस तरह से बड़े-बड़े काम हुए और आज उनका चुनाव है ।

श्री साय ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में कहा कि वे 24 में से 18 घंटा जनता के लिए काम करते हैंद्य आज दुनिया में भारत का डंका मोदी जी के कारण बज रहा है । 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ रहा हैद्य आप लोग देखते होंगे कि विदेशों में जब बैठक होता है तब रूस और अमेरिका के राष्ट्रपति के राष्ट्रपति भी ढूंढते रहते हैं कि मोदी जी कहाँ हैं, उनसे हाथ मिलाने के लिए आतुर रहते हैंद्य कई देश के प्रधानमंत्री हमारे देश के प्रधानमंत्री जी का चरण छूते हैंद्य ये भारत का मान और सम्मान बढ़ाने का काम मोदी जी ने किया है ।उन्होंने कहा कि आप सब लोग देखते हैं कि पहले पाकिस्तान लगातार भारत को गीदड़भभकी देता था, पाकिस्तानी यहाँ के सैनिकों का सर कलम करके फुटबाल जैसे खेलते थे, तब भारत में शांतियात्रा करके काम समाप्त हो जाता था, लेकिन जबसे मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं, तबसे पाकिस्तान की गीदड़भभकी बंद हो गई है द्य आज सर्जिकल स्ट्राइक से पाकिस्तान को अपनी औकात पता चल गई है और उसने गीदड़भभकी देना बंद कर दिया है । यह हम 140 करोड़ देशवासियों का सौभाग्य है कि हमें प्रधानमंत्री के रूप में आदरणीय नरेंद्र मोदी जी मिले हैंद्य इसलिए यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को हमें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और आपके क्षेत्र से भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते जी को अपना बहुमूल्य मत आने वाले 19 अप्रैल को कमल छाप में बटन दबाकर देना होगा। उन्होंने कहा कि फग्गन सिंह कुलस्ते जी हमारे बड़े भाई के समान हैंद्य अविभाजित मध्यप्रदेश में 1990 से हम भी विधायक थे,और फग्गन सिंह कुलस्ते जी भी विधायक थे और 1990 से 1998 तक हम दो बार प्रदेश में विधायक रहेद्य हमने मिलकर एक साथ काम किया, फिर आपने लगातार इनको 6 बार सांसद बनाया। लोकसभा और राज्यसभा सांसद के रूप में ये लगातार आप लोगों की सेवा में लगे हैंद्य अटल बिहारी वाजपेयी जी के सरकार में भी आप मंत्री रहे।

# डॉ. हैनीमैन जयंती एवं चेट्रीचंड के उपलक्ष्य में हुआ रक्त परीक्षण शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि महिला चेम्बर के सानिध्य में डॉ. हैनीमैन जयंती एवं चेट्रीचंड के उपलक्ष में जोशी होम्योपैथिक क्लिनिक, टीवी टावर के पीछे, अनुपम नगर रायपुर में आज बुधवार, दिनांक 10 अप्रैल 2024 को नियमित वार्षिक रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें डॉ. प्रिया जोशी (होम्योपैथिक चिकित्सक) प्रमुख रूप से उपस्थित थी।



महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अरोरा ने बताया कि उक्त शिविर में वसा, लिवर फंक्शन, किडनी से संबंधित स्कीम मैप, आयरन थायराइड,ग्लूकोजिलेटेड हीमोग्लोबिन, सी.बी.सी. , कैल्शियम एवं फास्फोरस से संबंधित रक्त परीक्षण किया गया। श्रीमती अरोरा ने बताया कि उपरोक्त रक्त परीक्षण शिविर सुबह ठीक 7 बजे शुरू होकर 10:30 बजे तक चला। इस बार कुछ सदस्यों ने 5 लोगों के लिए रू.3,000 का भुगतान करके पांच लोगों को गोद लिया और दान के रूप में उनके लिए रक्त परीक्षण नि:शुल्क किया गया। रक्त परीक्षण कराने वाले कुल सदस्यों में से 60 में से 140 धर्मार्थ थे। रक्त परीक्षण के पश्चात् सभी को फरुटी का वितरण किया गया। रक्त परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

महिला चेम्बर द्वारा डॉ. प्रिया जोशी (होम्योपैथिक चिकित्सक) को इस सफल आयोजन के लिये धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला चेम्बर संरक्षक- मीनाक्षी टुटेजा, आभा मिश्रा, अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा, महामंत्री पिंकी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट, उपाध्यक्ष- नीलम दिवाकीर्ति, हेमल शाह, श्रीमती ईला गुप्ता, मंत्री- सोमा घोष, मीडिया प्रभारी श्रीमती इंदिरा जैन, डिम्पल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थी।

## कलेक्टर ने भगवान कृष्ण के दर्शन कर की सुख-समृद्धि की कामना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** प्रसिद्ध सकल नारायण गुफा जहां वर्ष में एक बार मिलता है प्रवेश का अवसर बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लाक से 12 किलोमीटर दूर स्थित पोषणपल्ली के निकट एक लंबी पर्वत श्रृखला है जिसके समीप चिंतावागु नदी बहती है। इसी चिंतावागु नदी के तट पर मुख्य मार्ग से तीन किलोमीटर का पहाड़ी मार्ग तय करने पर सकल नारायण गुफा दिखाई देता है। प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र से पूर्व यहां 5 दिनों का मेला लगता है। सकलनारायण गुफा में भगवान श्री कृष्ण का मंदिर स्थित है।

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने मंगलवार को सकलनारायण मेला का भ्रमण कर मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का पूजा-अर्चना कर बीजापुर जिले वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान एसडीएम भोपालपटनम यशवंत नाग, तहसीलदार सूर्यकांत घरत सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान भोपालपटनम जमींदार परिवार के सदस्य भाग्यांश राज पामभोई एवं क्षितिज पामभोई ने सकलनारायण मेले की मान्यता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



# बिजली आपूर्ति की निरंतरता व बहाली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : दयानंद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष एवं ऊर्जा विभाग के सचिव पी.दयानंद ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वितरण कंपनी के क्षेत्रीय प्रमुखों को कड़े निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि असावधानी के कारण बिजली आपूर्ति असामान्य रूप से बाधित रहने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

मरम्मत के लिए बिजली आपूर्ति बंद करने की सूचना उपभोक्ताओं को मीडिया के माध्यम से अनिवार्य रूप से दी जाए। ऐसा कोई भी कार्य जनता को विश्वास में लेकर किया जाए । प्रदेश के कुछ स्थानों से बिजली की आँख -मिचौली की खबरों को गंभीरता से लेते हुए दयानंद ने आज विद्युत सेवा भवन ,डंगनिया रायपुर में एम डी सहित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें क्षेत्रीय ईडी एवं मुख्य अभियंताओं को वीसी के माध्यम से जोड़ा गया। दयानंद ने क्षेत्रीय प्रमुखों से उनके क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली । कुछ क्षेत्रों में अधिक शिकायतें पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की ,वहीं जहां न्यूनतम समय में रेस्पांस और सुधार की जानकारी मिली ,उसकी उन्होंने तारीफ की दयानंद ने मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वे अपने फील्ड में लगातार दौरा करें, उपभोक्ताओं और फील्ड स्टाफ के नियमित संपर्क में रहें ।



नियमित रखरखाव की निगरानी करते रहें और ब्रेक डाउन की स्थिति में फौरन सुधार सुनिश्चित करें। गर्मी की पीक डिमांड आना अभी शेष है अत: उसके लिए पूरी तरह सतर्क और सावधान रहें। इन दिनों लोड बढ़ना,आंधी-तूफान आना आम बात है पर उसका सही प्रबंधन करना हमारा कर्तव्य है,इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दयानंद निर्देश दिये कि दफ्तर और फील्ड में सामंजस्य का पूरा ध्यान रहे । उपभोक्ताओं की बिजली दफ्तरों में पूरी संजीदगी के साथ सुनवाई हो और समाधान मिले, यह सुनिश्चित होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यालय में एम डी पारेषण एवं वितरण आर.के.शुक्ला,ईडी भीमसिंह, संदीप वर्मा, आर.सी.अग्रवाल एववं सीई आनंद राव आदि उपस्थित थे। जनता से अपील ..... दयानंद ने आम जनता से अपील की है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में संबंधित निकटस्थ कार्यालय में शिकायत अवश्य करें लेकिन तोड़ -फोड़ जैसी हिंसक कार्रवाई नहीं करें। बिजली का अधिकतर वितरण- तंत्र खुले में होने के कारण मौसम से प्रभावित होता है । ब्रेक - डाउन की स्थिति में फाल्ट खोजने और सुधार का काम सुरक्षित व शांतिपूर्ण वातावरण में ही संभव होता है। इसके लिए जनता का सहयोग अपेक्षित है।

## कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदान करने कर रही प्रोत्साहित

# स्वच्छता दीदीयों ने संभाली शत प्रतिशत मतदान कराने की कमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव । स्वच्छता दीदी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के साथ ही नागरिकों को लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित कराने 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान करने का संदेश दे रही हैं। डोंगरगांव विकासखंड की स्वच्छता दीदीयों ने कम मतदान वाले क्षेत्रों के घर-घर पहुंचकर नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही हैं।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।

एसडीएम डोंगरगांव श्री मनोज कुमार मरकाम ने बताया कि डोंगरगांव विकासखंड में 70 प्रतिशत से कम मतदान वाले ग्राम पंचायतों में स्वच्छता दीदी ठोस एवं तरल कचरा संग्रहण के साथ-साथ स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की कमान भी संभाली है। कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर उन गांवों में स्वच्छता दीदी द्वारा घर-घर जाकर कचरा संग्रहण के अलावा 26 अप्रैल लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए नागरिकों को प्रेरित कर रही हैं। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में मतदान हेतु पंजी संधारित की गई है। जिसमें सभी को आमंत्रण भी दिया जा रहा है कि 26 अप्रैल को लोकतंत्र के पर्व में मतदान देने हेतु आप सभी आमंत्रित है। आमंत्रण पत्र में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे का समय व स्थान मतदान केन्द्र अंकित है। इसकी शुरूआत ग्राम पंचायत अर्जुनी से किया गया है। जिसमें स्वच्छता दीदी और बिहान समूह की महिला सदस्यों द्वारा मतदाता शपथ ली गई। सभी महिलाओं ने एक स्वर में कहा हम सब ने ठाना है 26 अप्रैल को मतदान देने अवश्य जाना है।

इस अवसर पर में जनपद पंचायत सीईओ नवीन कुमार मसियारे, स्वीप नोडल रश्मि ठाकुर, अर्जुनी पंचायत सचिव नील कुमार साहू, सांगिनकछार सचिव नरेन्द्र वर्मा, बड़भूम सचिव महेश सोनटेके, रूदगांव सचिव रमेश साहू, रोजगार सहायक, स्वयं सहायता समूह महिला समूह व स्वच्छता दीदी उपस्थित थी।

### निर्माणाधीन खो-खो तालाब का रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम ने लिया जायजा

**रायपुर।** रायपुर स्मार्ट सिटी की टेक्निकल टीम ने निर्माणाधीन खो खो तालाब के एसटीपी एवं बाउंड्री वॉल का जायजा लिया। नगर निगम कमिश्नर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक श्री अविनाश मिश्रा के निर्देश पर आज रायपुर स्मार्ट सिटी की टेक्निकल टीम के द्वारा तालाब के निर्माण कार्यों का जायजा लिया यहां के रह वासियों को इसका लाभ जल्द से जल्द मिल सके। साथ ही आज स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के द्वारा जी ई रोड स्थित आमानाका ओवरब्रिज के नीचे विजिट कर यहां पर स्मार्ट वेंडिग जोन बनाने हेतु जगह को चिन्हांकित किया।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### वाहन चोर गिरफ्तार, 35 बाईक बरामद

**कोंडागांव (ए.)।** जिला पुलिस ने मोटरसायकल चोरी करने वाले तीन शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 35 नग चोरी की मोटरसायकल बरामद किया है। तीनों आरोपी उड़िसा के है जो उड़िसा से लगे छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र में आकर सूने मकान व साप्ताहिक बाजार से बाईक चोरी करते थे तथा उड़िसा ले जाकर बेच देते थे। बता दें कि जिला कोण्डागांव अन्तर्गत होने वाले चोरी को रोकने एवं पूर्व में हुए चोरी के आरोपियों को पकड़ने के लिए कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा निर्देश दिये गये थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव रूपेश कुमार डाण्डे के मार्गदर्शन में सायबर सेल एवं थाना विश्रामपुरी की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। जिला कोण्डागांव में हुए चोरी के आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार कोण्डागांव पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक चोर गिरोह के सदस्य छत्तीसगढ़ से बाईक चोरी करके ओड़िसा में बेच रहे है। सूचना के आधार पर तुलसी राम साहू पिता लक्ष्मीनाथ साहू 55 वर्ष निवासी कुंदई नवापारा जिला नवरंगपुर उड़ीसा एवं सुखनाथ मरकाम पिता जयराम मरकाम 32 वर्ष कुंदई नवापारा थाना कुंदई जिला नवरंगपुर उड़ीसा एवं एक अन्य आरोपी को थाना विश्रामपुरी एवं सायबर सेल कोण्डागांव की टीम द्वारा उड़ीसा के कुंदई में 3 दिनों तक कैम्प कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने उड़ीसा सीमा से लगे क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजार एवं सुने मकानों से डूप्लीकेट चाबी के माध्यम से मोटरसायकल को चालू कर चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी की बाइक को उड़ीसा में बेचना बताया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर उड़ीसा के कुंदई, रायघर, उमरकोट क्षेत्र से कुल 35 नग चोरी के दुपहिया वान बरामद किया। बरामद मोटरसायकल की अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रूपये है।

### अधेड़ की उपचार दौरान मौत

**कोरबा (ए.)।** बालकोनगर थाने की रजगामार चैकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुलसीडीह निवासी एक अधेड़ की आग से जलने के बाद तीन माह से उपचार के बावजूद भी स्वस्थ नहीं होने पर सुबह उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम भुलसीडीह निवासी गोपाल सिंह 47 पिता ग्रहण सिंह राठिया तीन माह पूर्व आग से 40 फीसदी जल गया था। जिसके कारण उसे उपचार के लिए कोरबा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उपचार के दौरान उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। अंततः तीन माह बाद उसकी मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड ब्वाय द्वारा सूचना दिए जाने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को पंचनामा कार्यवाही के उपरांत उसे पीएम के लिए जिला अस्पताल के चीरघर भिजवा दिया। अस्पताल चैकी पुलिस द्वारा मामले की मर्ग डायरी विवेचना के लिए रजगामार चैकी पुलिस को रेफर की जा रही है।

### वृद्ध महिला ने गंवाई जान

**कोरबा (ए.)।** कोरबा के कटघोरा वन मंडल में भालू के हमले में एक वृद्ध महिला की जान चली गई। वन विभाग ने सरकारी प्रावधान के अंतर्गत मृत महिला के परिवार को इस सिलसिले में 6 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति देना तय किया है। परिवार को प्रारंभिक सहायता दे दी गई है।

पैसे नहीं मिले तो कर डाला यह कांड, सीसी टीवी फुटेज में कैद हुई बदमाश की कारस्तानी

# छत्तीसगढ़ में बकरी से रेप और हत्या, चोरी की नीयत से घुसा बदमाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में बकरी से रेप व हत्या का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिले के बिश्रामपुर में एक मटन की दुकान में घुसे बदमाश ने बकरी से आप्राकृतिक कृत्य किया और जब बकरी चिल्लाने लगी तो उसकी गर्दन मरोड़ दी। इससे बकरी की जान चली गई। सुबह जब दुकान का मालिक पहुंचा तो बकरी मरी मिली औस सीसी टीवी फुटेज में बदमाश की कारस्तनी भी दिखी। इसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया।

बिश्रामपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम शिवनंदनपुर भाथूपारा निवासी जाहिद कुरैशी की बिश्रामपुर साप्ताहिक बाजार में मटन की दुकान है। 8 अप्रैल की रात लगभग 7 से 8 बजे गके बीच वह दुकान में 1 बकरा और 4 बकरी बांधकर घर चला गया। दूसरे दिन 9 अप्रैल की सुबह वह दुकान पहुंचा तो देखा कि दरवाजे का ताला और कुण्डी टुटी हुई है। दुकान के भीतर गया तो एक बकरी मरी मिली।



इसके बाद जाहिद ने बगल घर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखा तो एक युवक सब्बल लेकर दुकान के अंदर घुमता दिखाई दिया। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर आसपास के लोगों ने उसकी शिनाख्त फोकटपारा निवासी मुन्ना उर्फ एक्का पैकरा के रूप में की। इस मामले में जाहिद ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने बकरी का पोस्ट मार्टम कराया तो चौंकाने वाली रिपोर्ट मिली। पीएम रिपोर्ट में बकरी से आप्राकृतिक कृत्य करने व गर्दन की हड्डी टूटने से उसकी मौत की पुष्टि हुई।

इसके बाद पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज के आधार पर मुन्ना पैकरा को हिरासत में लिया और पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ में आरोपी मुन्ना पैकरा ने पुलिस को बताया कि 8 अप्रैल की रात करीब 1 बजे चोरी करने की नीयत से सब्बल लेकर मटन दुकान में घुसा था। गल्ले में पैसा नहीं मिलने पर उसने कमरे में बंधी बकरी के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाया। इस दौरान बकरी शोर मचाने लगी तो उसकी गर्दन मरोड़ दी। जिससे बकरी की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी मुन्ना पैकरा को गिरफ्तार कर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

# राजधानी के कपड़ा मार्केट में टूटे 10 दुकानों के ताले, सीसी टीवी में कैद हुई चोर की तस्वीर

देवेन्द्र नगर थाना क्षेत्र का मामला, चोरों की तलाश में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चोरों के हौसले काफी बुलंद हैं। राजधानी के सबसे व्यस्त बाजार पंडरी कपड़ा मार्केट में एक चोर ने एक के बाद एक 10 दुकानों के ताले तोड़े। शातिर चोर ने दुकानों से नगदी व कपड़े चुराए हैं। रात को दुकाने बंद होने के बाद चोर ने यह कांड किया। चोर की करतूत सीसी टीवी कैमरों में कैद हो गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस एक्टिव हो गई और चोर की तलाश शुरू कर दी है। घटना राजधानी के देवेन्द्र नगर पुलिस थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में पंडरी कपड़ा मार्केट में चोरी की घटनाएं हुई हैं। पुलिस को सूचना मिली कि पंडरी कपड़ा मार्केट के पगारिया कांप्लेक्स स्थित करीब 10 दुकानों के ताले टूटे हैं। पुलिस ने शिकायत के बाद मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। पगारिया कांप्लेक्स स्थित रोहित होजरी, शिवम बैग, सूर्या होजरी सहित 10 दुकानों



के ताले तोड़कर चोरी की गई। पुलिस जब मोके पर पहुंची और सीसी टीवी फुटेज देखा तो एक ही चोर दिखा जो कि चेहरे को ढ़क कर चोरी रहा है। घटना करीबन सुबह 4.45 बजे की है। एक घंटे तक अकेला चोर रॉड से ताले को तोड़कर वारदात कर रहा है।

### रॉड लेकर पहुंचा था चोर

सीसी टीवी फुटेज में पुलिस ने देखा कि चोर रॉड लेकर पहुंचा और दुकानों का ताला तोड़ रहा है। उसने चेहरे को कपड़े से ढक लिया था और सिर पर टोपी भी पहने था। सीसी टीवी फुटेज में दिखा कि चोर ने लाल जैकेट और जींस पहन रखी है। चोर के हाथ में एक राड नजर आ रहा है, जिसके सहारे वह दुकानों के ताले तोड़ दिए। फिर दुकान के भीतर घुसकर वह कैश काउंटर की तरफ गया और जो भी पैसे थे निकाल लिए। दुकान के संचालकों ने बताया कि गल्ले में ज्यादा कैश नहीं था। इसके बाद भी चोर के हाथ 50 हजार से ज्यादा की रकम हाथ लगने की आशंका जताई जा रही है।

### प्रदेश में बढ़ी हैं चोरियां

गर्मी के मौसम में प्रदेश के प्रमुख शहरों में चोरी की वारदातें बढ़ गई है। राजधानी रायपुर के साथ ही दुर्ग भिलाई में भी इन दिनों चोरी की शिकायतें बढ़ी हैं। हाल ही में दुर्ग पुलिस ने रायपुर व दुर्ग भिलाई में लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे भोपाली गिरोह को पकड़ा है। गिरोह में शामिल बदमाश भोपाल से रायपुर व दुर्ग भिलाई पहुंचे और दिन दहाड़े चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार उनके पास से 10 लाख से ज्यादा का मशरूका बरामद किया।

### पुलिस गश्त पर उठ रहे सवाल

इधर पंडरी कपड़ा मार्केट में चोरी के बाद पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठ रहे हैं। पंडरी का कपड़ा मार्केट में कई दुकानें तो आधीरात तक खुली रहती हैं। यहां व्यारियों से निजी सुरक्षा गार्ड भी तैनात कर रखें हैं। यही नहीं मार्केट व पुलिस थाना की दूरी भी ज्यादा नहीं है इसके बाद भी चोरी होने से व्यापारियों में नाराजगी है। रात में पुलिस की होने वाली गश्त पर सवाल उठने लगे हैं।

# रात को टहलने निकला युवक सुबह मिली रक्तरंजीत लाश



### रायपुर में युवक की हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के उरला क्षेत्र में युवक की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया हैं। बुधवार की सुबह लहूलुहान हालत में युवक का शव उसके ही घर से कुछ दूरी पर मिला। जैसे ही लोगों ने देखा हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में पुलिस भी पहुंच गई। परिजनों ने बताया रात को खाना खाने के बाद घर से टहलने निकला था और सुबह लाश मिली। पुलिस ने फिलहाल जांच शुरू कर दी है। मामला उरला थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार उरला फैक्ट्री के पास युवक की लहूलुहान हालत में लाश मिली। मृतक की पहचान विजय यादव (18) के रूप में हुई है। वह सरोरा के एक बारदाने फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता था। मंगलवार की देर रात खाना खाकर वह घर से टहलने के लिए निकला था। अगले दिन सुबह घर के पास ही उसकी लाश मिली। पुलिस को लाश के आसपास कुछ बियर की बोतलें मिली हैं और मृतक के सिर व अन्य हिस्सों पर गहरे जख्म भी पाए गए हैं।

पुलिस को आशंका है कि युवक के सिर पर बियर की बोतलों से मारा गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। वहीं इस मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसी टीवी फुटेज खंगालने के साथ ही मृतक के दोस्तों व अन्य परिचितों से भी पूछताछ कर रही है। उरला पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# पापा की परियों के बीच जमकर चले लात-घूंसे

**बिलासपुर (ए.)।** कोतवाली क्षेत्र के रिवर व्यू में छह दिन पहले युवतियों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी हुई। अब पुलिस ने युवतियों की पहचान भी कर ली है। घटना के छह दिन बाद पुलिस ने एक युवती के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के रिवर व्यू में युवतियों के बीच मारपीट का एक वीडियो शुक्रवार को इंटरनेट मीडिया में वायरल हुआ। वीडियो में कुछ युवतियां एक दूसरे से मारपीट कर रही हैं। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच करने की बात कही। चार दिन बाद पुलिस ने युवतियों की पहचान कर ली। जांच में पता



चला कि दो युवतियों के बीच इंस्टाग्राम एप पर मैसेज को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान दोनों पक्ष की युवतियों ने एक दूसरे की पिटाई की। छह दिन बाद अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने खुद जुर्म दर्ज कर लिया है। अब दोनों पक्ष की युवतियों की तलाश की जा रही है।

# सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ी कलाकार सूरज मेहर की मौत

### फिल्म की शूटिंग से लौट रहे थे वापस, सगाई के दिन चली गई जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर खलनायक सूरज मेहर की बुधवार को एक सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना बिलाईगढ़ के सरसींवा की है, जहां उनकी स्कार्पियों को पिकअप ने टक्कर मार दी। वे एक फिल्म की शूटिंग से लौट रहे थे इस बीच हादसे का शिकार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सरसीवा पुलिस जब मौके पर पहुंचकर स्कार्पियो में फंसे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया।



हादसे के बाद सूरज मेहर के साथ ही उनके साथी आर्या वर्मा और ड्राइवर भूपेश पाटले को गंभीर घायल हालत में अस्पताल लाया गया था। जहां डॉक्टरों ने सूरज मेहर को मृत घोषित कर दिया। शेष दोनों को बिलाईगढ़ के अस्पताल में भर्ती करने के बाद बिलासपुर रेफर किया गया है। दोनों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। इधर मृतक के शव को पीएम के लिए के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। बुधवार को उनकी ओड़िशा में सगाई होनी थी, लेकिन सगाई के पहले ही वो दुनिया छोड़ गये। सूरज मेहर उर्फ नारद मेहर आखिरी फैसला' की शूटिंग से पहले उन्होंने फिल्म 'तोर मया के चिन्हा' में भी विलेन की भूमिका निभाई थी। 40 वर्षीय सूरज मेहर का 10 अप्रैल बुधवार को ओडिशा के भठली में सगाई होनी थी। जिसके कारण ग्राम सरिया बिलाईगढ़ निवासी सूरज मेहर बिलासपुर में फिल्म शूटिंग करने के बाद मंगलवार देर रात स्कॉर्पियो से घर लौट रहे थे तभी पिपरडुला गांव के पास सरसीवा की ओर से आ रही पिकअप वाहन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। सूरज मेहर के निधन की खबर से छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है।

हादसे में घायलों को पहुंचाया गया अस्पताल

# तेज रफ्तार बाइक खड़ी ट्रक में जा घुसी, एक की मौत, दूसरा गंभीर




**कोरबा (ए.)।** जिले के कटघोरा क्षेत्र में एक बार फिर से भीषण सड़क हादसा हुआ है। मोहनपुर टोलनाका के पास एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रक में जा घुसी, इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए और मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजवा दिया है।

वहीं इस दुर्घटना का लाईव वीडियो सानमे आया है, जिसमें साफ-साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह बाइक सवार सीधे ट्रक में जा घुसा। घटना की जानकारी मिलतें ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवकों की शिनाख्त में जुट गई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल रवाना करवाया गया, जबकि मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

### रेत से भरे ट्रेक्टर की चपेट में आए बाइक सवार दो लोग, पहिए में दबने से एक की दर्दनाक मौत

**कोरबा (ए.)।** जिले से हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत रेत से लोड ट्रैक्टर की ठोकर से दोपहिया सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका दूसरा साथी बुरी तरह से जख्मी हो गया है। पीड़ित को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में जानकारी प्राप्त होने पर जुर्म दर्ज किया है और अगली कार्रवाई कर रही है।



व्यक्तिगत काम से कोरबा आए हुए ग्रामीण क्षेत्र के दो लोगों को इस बात की बिल्कुल कल्पना नहीं थी की वापसी के दौरान उनके साथ यह हादसा हो सकता है और इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। कुदमुरा निवासी 40 वर्षीय तेज लाल यादव और 26 वर्षीय सुखलाल बाइक से कोरबा आए थे। कामकाज के बाद वे गांव लौट रहे थे। उसी दरम्यान रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर ने उन्हें चपेट में ले लिया। ट्रैक्टर के अगले पहिए में दबने से तेज लाल की मौत हो गई जबकि सुखलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। एम्बुलेंस की सहायता नहीं मिलने पर पीड़ित को पिकअप के माध्यम से मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भिजवाने की व्यवस्था की गई। हादसे में ग्रामीण की मौत की खबर मिलने से उसके गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। हादसे में घायल सुखलाल का उपचार मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के चिकित्सक कर रहे हैं। इस घटनाक्रम को लेकर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद किया है। कोरबा जिले में ओवर स्पीडिंग के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं और यह आसमय ही कई जिंदगियों को समाप्त कर रहे हैं।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### विधानसभा 64 दुर्ग शहर के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के सुचारू संचालन हेतु विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64 दुर्ग शहर के लिए सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति कर संशोधित आदेश जारी किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64 दुर्ग शहर अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 02 एवं सेक्टर क्रमांक 21 को 2-2 भागों में विभक्त किया गया है। सेक्टर 2 के 11 मतदान केंद्रों हेतु संजय सिंह श्रम अधिकारी सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय जिला दुर्ग को एवं सेक्टर 2ए के 8 मतदान केंद्रों हेतु हृदेश शर्मा मार्केटिंग ऑफिसर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सेक्टर 21 के 6 मतदान केंद्रों हेतु श्री राजेश कुमार शर्मा सहायक जिला आबकारी अधिकारी को एवं सेक्टर 21ए के 12 मतदान केंद्रों के लिए ईश्वरी लाल देशमुख उप अभियंता अ.वि.अ. लोक निर्माण विभाग सेतु उपसंभाग दुर्ग को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, तितुरडीह में वृहद रूप से न्योता भोजन का हुआ आयोजन

**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय, तितुरडीह में विद्यार्थियों के लिए विद्यालय परिवार के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। आयोजन में जिले के नवीन जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, ऐडीपीओ जे. मनोहरण, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोविंद साव, सीऐसी श्री प्रदीप देशमुख जी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में समस्त अतिथियों व प्रमुख रूप से जिला शिक्षा अधिकारी महोदय का स्वागत गर्मजोशी से व पौधा भेंटकर प्राचार्य श्रीमती प्रेमलता तिवारी व समस्त शिक्षक स्टाफद्वारा किया गया। स्वागत पश्चात् जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा व अन्य अतिथियों के द्वारा सरस्वती वंदना की गयी तत्पश्चात अतिथियों के समक्ष प्राचार्य महोदया के द्वारा विद्यालय में वर्ष भर में आयोजित सम्पूर्ण गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की गयी। तत्पश्चात समस्त अतिथियों, प्राचार्य व समस्त स्टाफने बच्चो के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। डी.इ.ओ महोदय व समस्त अतिथियों के द्वारा उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सम्पूर्ण शाला परिवार को बधाई दिया गया व प्रशंसा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से सुखदीप सिंग भट्टी, शैलेश पृथ्वानी, पंकज साहू, स्वीटी वर्मा, इबरत आफरीन, घनश्याम पटेल, राजेश श्रीवास्तव, हेमलता साहू, रितेश शर्मा, पवन यादव व समस्त शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफमौजूद थे।

### दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को मतदान करने हेतु मिलेगी नि:शुल्क परिवहन सुविधा

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतदान दिवस 07 मई 2024 को दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक वर्ग के मतदाताओं को नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले के अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन किया जाकर इन मतदाताओं के द्वारा मांग किए जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् उनके आवास स्थल तक छोड़ने हेतु नि:शुल्क वाहन व्यवस्था किया जाएगा। उक्त वाहन को ''मतदाता रथ'' का नाम दिया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी ने मतदान के लिए दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को नि:शुल्क परिवहन सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को मतदाता रथ संपूर्ण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## ईद मुबारक.....



भिलाई। ईद-उल-फितर के मौके पर गुरुवार को दुर्ग भिलाई के मस्जिदों में विशेष नमाज अता की गई। यह तस्वीर सेक्टर-6 स्थित जामा मस्जिद के इदगाह मैदान की है जहां हजारों की तादात में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अता की।

# रिसाली में आयुक्त का कड़ा एक्शनः किराया नहीं देने पर दुकान का आवंटन होगा निरस्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। ऐसे दुकान जिनका किराया जमा नहीं हो रहा है, उन दुकानों का आवंटन निरस्त किया जाएगा। इसके लिए पहले नोटिस दिया जाएगा। नोटिस के बाद भी किराया नहीं दिया जाता तो दुकान का आबंटन निरस्त कर दिया जाएगा। उक्त निर्देश नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने दिए है।





निगम आयुक्त मोनिका वर्मा मार्निंग विजित के तहत आजाद मार्केट क्षेत्र का भ्रमण की। उन्होंने पहले निगम द्वारा आवंटित 10 दुकानों को देखा। लंबे समय से किराया नहीं मिलने की सूचना पर आयुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि अब तक अधिकारी कार्यवाही क्यू नहीं कर रहे है। आयुक्त ने जल्द नोटिस जारी करने कहा। नोटिस के बाद भी किराया राशि जमा नहीं करने पर दुकान आवंटन निरस्त करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय के निगम गठन के पूर्व कृष्णा टाकीज रोड में मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना के तहत 10 दुकान का आवंटन किया गया है।

### देखी डोर टू टोर व्यवस्था

कचरा निष्पादन के तहत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को देखने निगम आयुक्त मोनिका वर्मा वार्डो तक पहुंची। उन्होंने कचरा कलेक्शन कार्य में लगे जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से बात की। प्रत्येक कर्मचारियों को निर्देश दिए कि समय अभाव अथवा विकल खराब होने पर छूटे हुए घरों की संख्या हर दिन सुपर वाइजर को अवश्य दे। सुपरवाइजर दूसरे दिन छूटे हुए घरों से पहले कचरा उठाने का कार्य शुरू कराए ।

### जहां पानी भरता है उसे करे सूचीबद्ध

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने बारिश में जल भराव की स्थिति से निपटने बनाए गए संसाधन को भी देखा। आयुक्त ने परमेश्वरी भवन प्रगति नगर के निकट को देखने के बाद कहा कि भवन के किनारे कच्चा नाली बनाए। जिससे पानी जमा नहीं होगा। आयुक्त ने नाला सफाई के लिए रोस्टर बनाने कहा, ताकि बारिश के पहले नाला सफाई कार्य पूर्ण हो जाए। अवैध निर्माण की वजह से नाला सफाई कार्य अटका हुआ है। स्थित को देखने की बाद आयुक्त ने निर्देश दिए कि अतिक्रमण करियों की सूची तैयार करे। सीमांकन प्रकिया पूरी कर बेदखली अभियान चलाया जाएगा।

### कुम्हारी हादसे में मृत कर्मियों के परिवार को विधायक रिकेश ने बंधाया ढांढस, कहा-

# राज्य सरकार करेगी हर संभव मदद

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। खपरी कुम्हारी बस हादसे में 12 मृत कर्मचारियों में से 7 के शव सुपेला शासकीय अस्पताल लाए गए थे। जिनकी पीएम कार्रवाई बुधवार को हुई। इस दौरान सुबह वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन सुपेला अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया।

विदित हो कि सुपेला अस्पताल में कल रात हादसे में मृत भिखूभाई पटेल (58 वर्ष) निवासी सेक्टर-2 सडक-3 क्वाटर-27/जी भिलाई, श्रीमती पुष्पा देवी (50 वर्ष) निवासी शर्मा आश्रम के पास जोन-3 खुर्सीपार, श्रीमती शांति बाई देवांगन (60 वर्ष) निवासी बाजार चौक महामाया वार्ड-3, कुम्हारी, श्रीमती सत्या निषाद (57 वर्ष) निवासी अर्जुन किराना दुकान के पास राम नगर थाना कुम्हारी, बिहारी यादव (70 वर्ष) निवासी भगत सिह रोड सुपेला, कमलेश देशलहरे (35 वर्ष) निवासी मकान-26/एफ सड़क 28 सेक्टर-4, राजू राम (49 वर्ष) निवासी निषाद सेवा समिति के पास केम्प-2 शारदा पारा भिलाई का शव सुपेला शासकीय अस्पताल में देर रात पहुंचा था।



### जिस मार्ग पर हादसा उस पर भी सवाल

विधायक रिकेश ने कहा कि जिस मार्ग पर हादसा हुआ उस मार्ग पर भी सवाल उठ रहे हैं कि वहां अंधेरा रहता है, सड़क ठीक से नहीं है। साइड में रेलिंग नहीं लगी और साथ में दुर्घटनाग्रस्त बस का फिटनेस था कि नहीं, ये सारी चीजें जांच में सामने आएंगी।

घटना की मजिस्ट्रियल जांच होगी जिससे सारी चीजें स्पष्ट हो जाएंगी लेकिन हमारा जो चला गया इस दुनिया से, अब उसे हम लोग वापस नहीं ला सकते, बस उनके परिवार को संबल मिल जाए और जो उम्मीदें उनको राज्य सरकार से है, वह अवश्य पूरा करने का प्रयास है। सरकार अपनी ओर से बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करेगी। विधायक रिकेश सेन ने शासकीय अस्पताल दुर्ग लाए गए मृत कर्मियों परमानंद तिवारी (55 वर्ष) निवासी हाउसिंग बोर्ड दादर रोड चरौदा, त्रिभुवन पाण्डेय (55 वर्ष) निवासी प्रगति नगर रिसाली, अमित सिन्हा (40 वर्ष) निवासी शंकर नगर थाना मोहन नगर, कृष्णा साहू (45 वर्ष) निवासी केनाल रोड जोन-2 खुर्सीपार, मनोज कुमार ध्रुव (43 वर्ष) निवासी मकान-858/4 ड्रीम सिटी उमदा रोड पुरानी भिलाई के परिजनों के विषय में जानकारी मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी से ली।

### हृदय को झकझोर देने वाली घटना


विधायक रिकेश सेन ने कहा कि यह हृदय को झकझोर देने वाली घटना है। छत्तीसगढ़ में ऐसी घटनाएं कभी होती नहीं है मुझे याद है कि आज से करीब पंद्रह साल बीस साल पहले दशहरा के वक्त ऐसी घटनाएं घटी थीं, उसके बाद कभी ऐसी घटना हुई नहीं है। घायलों का अच्छी तरह इलाज हो इसकी चिन्ता राज्य सरकार कर रही है। इस घटना में घायल रमेश यादव, गुरुमुख सिंग, निर्मल सिंग, देवेन्द्र सिंग, मोनिका वर्मा, उषा साहू, हस्तिना सिक्का, श्रीमती कुंती यादव, उर्मिला कौशल, सरजीत कौर को एम्स में भर्ती किया गया है। बिहारी लाल दुबे को मेकाहारा में एवं कविता चौधरी, प्रदीप को ओम हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। परिजनों की मांग है कि मुआवजा मिलना चाहिए जबकि इसकी चिंता उनको नहीं करना है, सारा विषय जो है राज्य सरकार के संज्ञान में है, बेहतर से बेहतर किया जाएगा।

## बीएसपी का इस्पात अरुणाचल में सेला टनल को प्रदान कर रहा है मजबूती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने अरुणाचल प्रदेश में सेला टनल प्रोजेक्ट के निर्माण में उपयोग के लिए 7,300 टन से अधिक इस्पात की आपूर्ति की है। पश्चिम कामेंग जिले में 13,700 फीट की ऊंचाई पर निर्मित टनल तेजपुर को तवांग से जोड़ेगी। दो टनल और एक लिंक रोड वाले इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करना है।

इस परियोजना से क्षेत्र में तेज और सुगम परिवहन संभव होगा। साथ ही टनल का देश के लिए रणनीतिक महत्व भी है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा बनाए गए इस टनल से तवांग तक की यात्रा के समय में लगभग 1 घंटे की कमी आएगी। सेला दर्रा सर्दियों में कुछ महीनों के लिए बंद रहता है। सेला टनल परियोजना, वास्तविक नियंत्रण रेखा की ओर सैन्य कर्मियों और उपकरणों की पूरे वर्ष सुगम आवाजाही उपलब्ध कराने के साथ ही पहुंच को आसान करेगा। सेल के अन्य एकीकृत इस्पात संयंत्रों ने भी परियोजना के लिए स्टील की आपूर्ति की है, भिलाई स्टील प्लांट ने निर्दिष्ट ग्रेड में 6545 टन टीएमटी





बार्स, कॉइल्स में 512 टन टीएमटी बार्स, 88 टन वायर रॉड, 46 टन एंगल्स और चैनल्स, 94 टन प्लेट्स और 22 टन जॉयस्ट की आपूर्ति सेला सुरंग परियोजना के निर्माण हेतु किया है। सेल द्वारा आपूर्ति की गई इस्पात की कुल मात्रा 24,216 टन है। दुर्गापुर स्टील प्लांट और बर्नपुर स्थित इस्को स्टील प्लांट, सेल के अन्य दो इकाइयां हैं जो टीएमटी बार्स और रॉड्स का उत्पादन करते हैं, ने भी क्रमश: 8937 टन और 3118 टन टीएमटी बार्स की आपूर्ति की है। डीएसपी ने टनल परियोजना के लिए 3662 टन जॉयस्ट की आपूर्ति भी की है। सेल की अन्य दो इकाइयों, बोकारो स्टील प्लांट और राउरकेला स्टील प्लांट, जो मुख्य रूप से फ्लैट प्रोडक्ट्स का उत्पादन करती हैं, ने भी सेला टनल परियोजना के लिए भी स्टील की आपूर्ति की है।

## बीएसपी कर्मचारी मिश्रा हुए राज्य खेल अलंकरण समारोह में सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मार्च 2024 को आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य खेल अलंकरण समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी एस के डी मिश्रा को शहीद विनोद चैबे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मिश्रा को यह सम्मान एवं पुरस्कार 14 मार्च 2024 को वर्ष 2020-21 के लिए प्रदान किया गया। शहीद विनोद चैबे पुरस्कार, राज्य के उन पूर्व खिलाड़ियों को दिया जाता है जिनकी उम्र 55 वर्ष या उससे अधिक है, खिलाड़ी ने किसी अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीता हो या खेल क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय सेवा की हो। इसके साथ ही सम्मानित खिलाडी को 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त विभाग के परियोजना अनुभाग में सीनियर सेक्शन असिस्टेंट के रूप में कार्यरत, एस के डी मिश्रा एक अंतर्राष्ट्रीय हैंडबाल प्लेयर हैं। श्री एस के डी मिश्रा, वर्ष 1986 में भिलाई इस्पात संयंत्र से जुड़े और स्पोर्ट्स कोटा से जूनियर असिस्टेंट के रूप में अपना कार्यभार संभाला। मिश्रा ने अब तक कई राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में भाग लिया और विजयी होकर भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ-साथ देश का भी नाम रौशन किया है। इन्होंने वर्ष 1990 में रूस में आयोजित सीनियर नेशनल हैंडबाल चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950